रोहतक

गुरुवार, 15 मई 2025

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 29, अंक : 104

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 42.3

न्यून. 21.5




## बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,330.56 | 182.34 ▲ |
| निफ्टी | 24,666.90 | 88.55 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 96,850 /- | 650/- ▼ |
| चांदी | 98,000/- | 1450/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.32 | 4 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 65.90/ बैरल | | 1.10% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### जल बंटवारा मुद्दा

### हाईकोर्ट ने केंद्र, हरियाणा बीबीएमबी से जवाब मांगा

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा को 4,500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ने के अपने छह मई के आदेश की समीक्षा के लिए पंजाब सरकार की याचिका पर बुधवार को केंद्र, हरियाणा और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड से जवाब मांगा। मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति सुमित गोयल की खंडपीठ ने सुनवाई की अगली तारीख 20 मई तय की। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि पंजाब ने केंद्र के दो मई के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए दलील दी कि केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन को भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) नियमों के तहत जल आवंटन पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। पंजाब के महाधिवक्ता मनिंदरजीत सिंह बेदी और अतिरिक्त महाधिवक्ता चंचल सिंगला के साथ पेश हुए वरिष्ठ वकील गुरमिंदर सिंह ने दलील दी कि बीबीएमबी ने "हरियाणा को अतिरिक्त पानी आवंटित करने के अवैध आदेश को लागू करने के लिए तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया। उच्च न्यायालय ने छह मई को पंजाब को केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के निर्णय का पालन करने का निर्देश दिया था। मोहन ने दो मई को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की थी, जिसमें राज्य की तत्काल जल जरूरतों को पूरा करने के लिए भाखड़ा बांध से हरियाणा को 4,500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ने के बीबीएमबी के निर्णय को लागू करने की सलाह दी गई थी।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद तीनों देशों ने दिया था पाकिस्तान का साथ

# तुर्किये, अरबैजान और चीन को झटका देने की तैयारी में भारत

### जेएनयू ने तुर्किये की इनोनू यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा, कहा- हम देश के साथ

## भारतीय व्यापारी तुर्किये से सेब और अन्य फलों का आयात नहीं करेंगे

एजेंसी/भाषा ▶▶| नई दिल्ली/जयपुर

पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक को ड्रोन भेजकर उसकी मदद करने वाले तुर्किये समर्थन करने वाले अजरबैजान और चीन को भारत ने झटका देने की तैयारी शुरू कर दी है। इन तीनों देशों के खिलाफ भारतीय एकजुट होने लगे हैं। सैकड़ों भारतीय यात्रियों भारत के साथ संघर्ष में पाकिस्तान का समर्थन करने के बाद तुर्की और अजरबैजान की ट्रैवल बुकिंग रद कर दी हैं। वहीं, दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने तुर्किये की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार (एमओयू) रद कर दिया है। जेएनयू ने कहा कि वह देश के साथ है। इसलिए यह कदम उठाया है। वहीं, फल और मार्बल व्यापारियों ने भी तुर्किए से सेब, अन्य फलों और मार्बल का आयात करने से इनकार कर दिया है। इससे तुर्किये को बड़ा झटका लगेगा। वहीं, भारत ने चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ और तुर्किये के सरकारी मीडिया टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट पर से बैन हटा लिया। दोनों अकाउंट सिर्फ 5 घंटे ब्लॉक रहे। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप था।

**होगा करोड़ों का नुकसान**

- मार्बल कारोबारी भी तुर्किये और अजबैजान के साथ नहीं करेंगे व्यापार
- मेकमाईट्रिप ने कहा, तुर्किये, अजरबैजान की बुकिंग 60% गिरी
- चीन और तुर्किये के एक्स अकाउंट भारत में 5 घंटे बंद रहे



### सोशल मीडिया पर बहिष्कार का ऐलान

सोशल मीडिया पर तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा के बहिष्कार के आह्वान के बीच यात्रा मंच मेकमाईट्रिप ने बुधवार को कहा कि एक सप्ताह में दोनों देशों के लिए बुकिंग में 60 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि रद्दीकरण में 250 प्रतिशत यानी ढाई गुना की वृद्धि हुई है। ट्रैवल इंडस्ट्रीज के मुताबिक, तुर्की, अजरबैजान और चीन के लिए 22% बुकिंग रद कर दी गई हैं। आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और बढ़ सकता है।

### तुर्किये के सेब नहीं बेचेंगे भारतीय

भारतीय व्यापारियों ने तुर्किये से सेब के आयात से इनकार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्किये, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्किये के सेब नहीं बेचेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत तुर्किये से सालाना 1200 करोड़ रुपये का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल हैं।

### भारत की आलोचना की थी

तुर्किये और अजरबैजान दोनों देशों ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले की आलोचना की थी। वहीं, चीन ने भी भारत का समर्थन किया था। इसके बाद से सोशल मीडिया पर तीनों देशों के बहिष्कार की मांग उठ रही है।

### कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक बयान का मामला

## हाईकोर्ट के आदेश पर महू में मंत्री शाह पर केस, इस्तीफा कभी भी

**जबलपुर (एजेंसी)।** प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान की गूंज देश भर में सुनाई देने लगी है। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की बेंच ने इस पर खुद संज्ञान लेते हुए प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि मंत्री शाह के खिलाफ तत्काल प्रकरण दर्ज किया जाए। हाईकोर्ट के आदेश पर महू के मानपुर थाने में देर रात मंत्री शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। माना जा रहा है कि अब शाह का इस्तीफा भी किसी भी वक्त आ सकता है। भाजपा शाह को पार्टी से निकालने पर भी विचार कर रही है। कोर्ट ने बयान को देश की अखंडता को खतरे में डालने वाला और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाला माना है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी बयान को दुर्भाग्यपूर्ण, महिलाओं के प्रति अपमानजनक और अस्वीकार्य ठहराया है। कांग्रेस इसे लेकर मैदान में उतर गई है। प्रदेश भर में प्रदर्शन कर मंत्री शाह के पुतले फूंके गए और उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि पूरा मामला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के संज्ञान में लिया है। शीघ्र मंत्री के बयान पर निर्णय लिया जाएगा। इस पर विमर्श जारी है।



हाईकोर्ट ने कहा, देश की एकता और अखंडता को खतरे में डालने का केस दर्ज करें

# रोहतक में सीवर की जहरीली गैस से पिता और दो बेटों की जान गई

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** गांव माजरा में बुधवार सुबह सीवर के मेनहोल में गिरने से पिता और उसके दो बेटों की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पीजीआई में पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों को सौंप दिए। मृतकों की पहचान गांव माजरा निवासी महाबीर सिंह और उनके 2 बेटे दीपक और लक्ष्मण के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आशंका है कि सीवर में जहरीली गैस चढ़ने से तीनों की मौत हुई है।

### सीवर का ढक्कन हटाते समय हादसा

यह हादसा घर के बाहर गली में सीवर का ढक्कन हटाते समय हुआ। महाबीर की पत्नी संतोष देवी ने कहा कि घर की नाली कई दिनों से बंद थी। इसलिए मेरा बेटा लक्ष्मण सीवर का ढक्कन खोलने के लिए चला गया। ढक्कन खोलते ही वह सीवर में गिर गया। गिरते ही पिता भागे और वे भी जा गिरे। इसके बाद आखिर में उन दोनों को बचाने के लिए दीपक भी सीवर में उतर गया। वह उन दोनों को नहीं बचा सका और खुद भी सीवर में ही दम तोड़ दिया।



### एक दिन पहले सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादियों को किया था ढेर

# शोपियां में मिला हथियारों का जखीरा एके 47, हैंड ग्रेनेड व गोलियां बरामद

## मौके से आधार कार्ड और कई आईडी भी मिलीं

**जम्मू (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद भी सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के केलर में बुधवार को भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। इसमें एके-47 गन समेत कई तरह की बंदूकें, हैंड ग्रेनेड, हजारों की संख्या में गोलियां शामिल हैं। केलर में ही 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी मारे गए थे। शोपियां जिले के केलर स्थित शुकरू फॉरेस्ट एरिया में मंगलवार को शाम 4.30 बजे मुठभेड़ खत्म हुई थी।

### ओडिशा में एंटी ड्रोन सिस्टम 'भार्गवास्त्र' की टेस्टिंग

भारत ने माइक्रो रॉकेट 'भार्गवअस्त्र' की ओडिशा के गोपालपुर में सफल टेस्टिंग की। यह टेस्टिंग 13 मई को की गई थी। वीडियो 14 मई सामने आए हैं। 'भार्गवास्त्र' एक एंटी ड्रोन सिस्टम है। सेना के सीनियर अधिकारियों की मौजूदगी में तीन टेस्ट किए गए थे। इस दौरान चार रॉकेट दागे गए और सभी ने टारगेट को हिट किया। (पेज 8 भी देखें)



पाकिस्तान से वापस लौटा जवान पूर्णम कुमार शॉ।

### पाक ने 21 दिन बाद बीएसएफ जवान को भारत के सुपुर्द किया

**अमृतसर।** भारत-पाकिस्तान ने बुधवार को क्रमशः सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा बंधक बनाए गए एक-एक जवान को दोनों देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक दूसरे के सुपुर्द किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान पूर्णम कुमार शॉ को पंजाब में अटारी-वाघा सीमा पर भारत को सौंप दिया। उन्हें पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को पाकिस्तान रेंजर्स ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से पकड़ लिया था। पाकिस्तान के एक रेंजर को उसके हवाले कर दिया गया जिसे बीएसएफ ने तीन मई को राजस्थान में सीमा क्षेत्र से पकड़ा था। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान रेंजर्स ने सुबह 10.30 बजे कांस्टेबल शॉ को अमृतसर जिले में अटारी स्थित संयुक्त जांच चौकी पर (पाकिस्तान में वाघा सीमा के सामने) उसके हवाले कर दिया। बीएसएफ ने शॉ की एक तस्वीर जारी की जिसमें उन्हें दाढ़ी, मूंछ और बिखरे बालों के साथ देखा जा सकता है। वह गोल गले की हरे रंग की टीशर्ट पहने हुए हैं।

- भारत ने भी पाक रेंजर्स को छोड़ा
- डीजीएमओ लेवल की बातचीत के बाद रिहाई
- अटारी वाघा बॉर्डर से लौटे जवान

### यूपी का युवक पानीपत में पाक के लिए जासूसी करते हुए गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में 24 वर्षीय नौमान इलाही कैराना, जिला शामली को गिरफ्तार किया है। नौमान पाकिस्तानी आतंकी इकबाल के संपर्क में था। उसे व्हाट्सएप व अन्य सोशल मीडिया एप के जरिए भारत की खुफिया जानकारी भेज रहा था। पुलिस जांच में पता चला कि नौमान हुडा सेक्टर 29 की एक फैक्टरी में चौकीदार का कार्य करता था, जबकि नौमान की बहन पानीपत की हाली कालोनी में अपने पति व बच्चों के साथ रहती है। इधर, गुप्त सूचना के आधार पर पानीपत पुलिस ने नौमान की निगरानी शुरू की और नौमान पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा है यह आरोप पुख्ता होने पर पुलिस ने नौमान को गिरफ्तार कर लिया।

**राहत** कुल 7596 पदों में से 1209 पद डीएससी और ओएससी से भरे जाएंगे

### सीएम बोले, सरकार का लक्ष्य, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास

# ग्रुप-डी की भर्ती में डीएससी और ओएससी को भी मिलेगा आरक्षण

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में जल्द ग्रुप डी के 7,596 पदों पर भर्ती होगी। भर्ती हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) द्वारा करवाई जाएगी। इस भर्ती में पहली बार वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी) और अन्य अनुसूचित जाति (ओएससी) वर्ग को आरक्षण दिया जाएगा। सरकार के मुताबिक कुल पदों में से 1209 पद इन्हीं 2 जातियों के लिए आरक्षित रहेंगे। इनके सिलेक्शन में कॉमन एलिजिबलिटी टेस्ट (सीईटी) के स्कोर का इस्तेमाल किया जाएगा। सीएम नायब सिंह सैनी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि पारदर्शी और मेरिट के आधार पर भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि ग्रुप-डी भर्ती में डीएससी के लिए 605 पद और ओएससी के लिए 604 पद आरक्षित किए गए हैं।



### अंत्योदय को प्राथमिकता : सैनी

सरकार का लक्ष्य 'अंत्योदय' अर्थात समाज के सबसे वंचित वर्ग के उत्थान को प्राथमिकता देना है। यह भर्ती प्रक्रिया समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़े समुदायों को उनका हक दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सैनी ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही है।

### यह एक ऐतिहासिक पहल

इसके अतिरिक्त जल्द ही सरकार पिछड़ा वर्ग- ए श्रेणी (बीसीए), पिछड़ा वर्ग- बी श्रेणी (बीसीबी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), दिव्यांग (पीएच), एलिजिबल स्पोर्ट्स पर्सन (ईएसपी), एक्स सर्विसमैन (ईएसएम) आदि वर्गों के लिए भी भर्ती में आरक्षित सीटों का प्रावधान किया गया है। यह कदम अंतर्विशिष्ट असमानताओं को दूर करने और आरक्षण लाभों के निष्पक्ष वितरण को सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

## अंदर के पन्नों पर


- ▶▶ पुलिस ने बदमाश को घेरा तो कर दी अंधाधुंध फायरिंग पेज-3
- ▶▶ एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम को मिली मंजूरी पेज-7
- ▶▶ राष्ट्रपति मुर्मू ने ऑपरेशन सिंदूर को बताया गौरवपूर्ण उपलब्धि पेज-8







# न्यायमूर्ति बीआर गवई ने 52वें सीजेआई के रूप में शपथ ली

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को देश के 52वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। वह अनुच्छेद 370 समाप्त करने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखने समेत कई अहम फैसले देने वाली पीठों में शामिल रहे हैं। न्यायमूर्ति गवई (64) को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में एक संक्षिप्त समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। उन्होंने हिंदी में शपथ ली। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली है, जो 65 वर्ष की आयु होने पर मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। उनका कार्यकाल छह महीने से अधिक समय का होगा और वह 23 नवंबर तक पद पर रहेंगे। शपथ लेने के तुरंत बाद न्यायमूर्ति गवई ने अपनी मां कमल ताई गवई के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।



छह माह का रहेगा कार्यकाल, 23 नवंबर तक पद पर रहेंगे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली

### उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी ने दी शुभकामनाएं

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों और पूर्व न्यायाधीशों ने उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने बाद में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शपथ ग्रहण समारोह की तस्वीरें जारी कीं। 'एक्स' पर लिखा, "उनके कार्यकाल के लिए बहुत शुभकामनाएं देता हूं।'

## भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा को लेफ्टिनेंट कर्नल का मानद रैंक



**नई दिल्ली (भाषा)।** हरियाणा के भाला फेंक खिलाड़ी और डबल ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा को प्रादेशिक सेना (टेरिटोरियल आर्मी) में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक प्रदान की गई है। गजट के अनुसार प्रादेशिक सेना विनियम 1948 के पैरा 31 के तहत राष्ट्रपति को यह प्रसन्नता है कि वे पूर्व सूबेदार मेजर नीरज चोपड़ा, परम विशिष्ट सेवा मेडल, पद्म श्री, ग्राम एवं डाकघर खांद्रा, पानीपत, हरियाणा को प्रादेशिक सेना में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल की रैंक प्रदान कर रही हैं। यह 16 अप्रैल, 2025 से प्रभावी है।




## खबर संक्षेप



### पानी आपूर्ति सुनिश्चित हो खुद भी करूंगा औचक निरीक्षण : रणबीर गंगवा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि आमजन की पेयजल को लेकर आने वाली शिकायतों का तय समय पर समाधान होना चाहिए, इसके लिए एक्सईन, एसडीओ और जेई गंभीरता से कार्य करें। साथ ही महाग्राम योजना को लेकर भी पूरी तरह से सर्तकता बरती जाएं, किसी भी गांव में इससे संबंधित कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। आने वाले दिनों में वे स्वयं भी औचक निरीक्षण करेंगे। कैबिनेट मंत्री गंगवा आज चंडीगढ़ सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आला अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

### विशेषज्ञ डॉक्टर्स की नियुक्ति पर जोर दे रहे : आरती

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हड़, जिला नूंह में महर्षि च्यवन चिकित्सा महाविद्यालय, कोरियावास नारनौल के लिए सीनियर रेजीडेंट की नियुक्ति हेतु 8 से 10 मई, 2025 तक साक्षात्कार आयोजित किए गए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह प्रक्रिया चिकित्सा महाविद्यालय को विशेषज्ञ चिकित्सकों से सुसज्जित करने के लिए है।

## युवाओं को आधुनिक नौकरियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार करेंगे

# आईटीआई पाठ्यक्रम होगा अपडेट, उद्योगों को जैसी जरूरत होगी वैसा ही प्रशिक्षण देंगे

- आईटीआई संकाय के लिए जल्द ही राज्य प्रशिक्षण सम्मेलन किया जाएगा
- सम्मेलन में नए उपकरणों से परिचित करवाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी की परिकल्पना के अनुसार, प्रशिक्षित युवाओं के लिए अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार आईटीआई पाठ्यक्रम को अपडेट कर रही है। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि नए पाठ्यक्रम में एआई, सॉफ्ट स्किल्स और उद्योग-केंद्रित मॉड्यूल में बुनियादी प्रशिक्षण शामिल होगा, ताकि युवाओं को आधुनिक नौकरियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके। डॉ. सुमिता मिश्रा यहां दिसंबर, 2024 में आयोजित मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रमुख कार्य बिंदुओं पर प्रगति का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अधिकतम प्लेसमेंट के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कौशल प्रशिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि शिक्षण पद्धतियों को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से आईटीआई संकाय के लिए जल्द ही एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में प्रशिक्षकों को नवीनतम औद्योगिक नवाचारों, उपकरणों और प्रौद्योगिकियों से परिचित कराया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि छात्रों को वर्तमान उद्योग की मांगों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा सके।

### रोजगार के लिए पोर्टल बनाएं



डॉ. सुमिता मिश्रा ने अधिकारियों को आईटीआई स्नातकों के पिछले प्लेसमेंट रिकॉर्ड को संकलित करने और उनका विश्लेषण करने का निर्देश दिया ताकि प्रशिक्षण और वास्तविक रोजगार प्रवृत्तियों के बीच अंतर की पहचान की जा सके। इससे अधिक लक्षित और कुशल प्लेसमेंट रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने उद्योग-विशिष्ट कुशल कार्यबल डेटा तक वास्तविक समय की पहुंच प्रदान करने, कुशल प्रतिभा मिलान की सुविधा, औद्योगिक भर्ती को सुव्यवस्थित करने और हरियाणा के कुशल युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित पोर्टल विकसित करने का निर्देश दिया।

### आईटी हब बनाएंगे

डॉ. सुमिता मिश्रा ने यह भी निर्देश दिए कि हरियाणा सिंगल विंडो पोर्टल को हरियाणा सरल पोर्टल से जोड़ा जाए। इससे नए उद्यमियों के लिए सभी सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं के लिए एकल-बिंदु संपर्क को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा और इस सुविधा को प्रमुखता से उजागर किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार आईटी हब और सेवा क्लस्टर स्थापित करने के लिए काम कर रही है, जिसे मजबूत सामाजिक बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया जाएगा।

### रिटेल नीति जल्द आएगी

डॉ. मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही राज्य लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और रिटेल नीति को अधिसूचित करेगी, जो एक व्यापक लॉजिस्टिक्स कार्य योजना की रूपरेखा तैयार करेगी। इस नीति का उद्देश्य पूरे क्षेत्र में दक्षता बढ़ाना और आर्थिक विकास को गति देना है। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग प्रधान सचिव डी. सुरेश, श्रम विभाग प्रधान सचिव राजीव रंजन, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग उपस्थित रहे।

## धतोगड़ा स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को 12वीं कक्षा का परिणाम जारी किया! इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धतोगडा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा! कला संकाय में प्रथम स्थान वर्षा ने,द्वितीय स्थान तमन्ना शर्मा और तृतीय स्थान नेहा ने प्राप्त किया । वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान सार्थक,द्वितीय स्थान दमन शर्मा और तृतीय स्थान मुस्कान ने प्राप्त किया । कुल 42 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया । इनमें से 37 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए ।प्रधानाचार्य श्रीमती मीनाक्षी रोहिला ने छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी ।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ द्वारा गांव ढाणी बाठोठा, जिला महेन्द्रगढ़ में एक द्विवसीय फिल्ड-डे कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यकम का विषय "खुले खेत में बागवानी फसलों की खेती" रहेगा। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय श्री ओमप्रकाश यादव, विधायक, नारनौल रहेगें। इस दौरान विषय से संबंधित सभी जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की जाएगी। इस कार्यकम में 200 किसानों द्वारा भाग लिया जाना निश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम में बागवानी विभाग, हरियाणा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, महेन्द्रगढ़ के अधिकारीगण एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा उपरोक्त विषय पर तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही उद्यान विभाग, हरियाणा द्वारा किसानों के प्रोत्साहन के लिए चलाई जा रही विभिन्न किसान कल्याणकारी स्कीमों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। जिससे किसान नवीनतम बागवानी तकनीक से रूबरू हो सकें। एक द्विवसीय फिल्ड-डे कार्यक्रम का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| क्र. सं. | दिनांक | फिल्ड-डे कार्यकम का विषय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | 16.05.2025 | खुले खेत में बागवानी फसलों की खेती | गांवः ढाणी बाठोठा |


इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जिला महेन्द्रगढ़ एवं आस-पास के क्षेत्र के किसान दिनांक 16 मई 2025 को प्रातः 08:00 बजे गांव ढाणी बाठोठा, जिला महेन्द्रगढ़ में आमंत्रित हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष न0 01285-244076, 9983414484 पर संपर्क करें। 1

हस्ता/-उप-निदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच 1149/11/834/2026/34770/88/6 दि. 14.05.2025

## सीएम से मिला जर्मन प्रतिनिधिमंडल, हरियाणा के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



जर्मनी के पोपे प्लस पोटहॉफ जीएमबीएच के समूह सीईओ मार्कस केरखॉफ के नेतृत्व में एक जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और उन्हें झज्जर जिले में अपने ऑटोमोबाइल घटक विनिर्माण संयंत्र की प्रगति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में पोपे पोथोफ के बिक्री प्रमुख थॉर्स्टन एलर्सिएक के साथ-साथ इस संयुक्त उद्यम में भारतीय भागीदार लालबाबा इंजीनियरिंग लिमिटेड के प्रतिनिधि भी शामिल थे। बैठक के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों और सरकार से सक्रिय समर्थन का उल्लेख करते हुए हरियाणा में अपने निवेश के विस्तार में गहरी रुचि व्यक्त की। पोपे प्लस पोटहॉफ कंपनी, जिसकी उपस्थिति 70-80 देशों में है, हरियाणा में एक नई अनुसंधान एवं विकास सुविधा की स्थापना की संभावना भी तलाश रही है।

## सोनीपत का पर्यावरण इंजीनियर सस्पेंड


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रशासनिक कार्रवाई की है। सोनीपत क्षेत्रीय कार्यालय पॉल्यूशन कंट्रोल सोनीपत में कार्यरत असिस्टेंट एनवायरमेंट इंजीनियर को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड किया है। बोर्ड द्वारा पंचकुला मुख्यालय से जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय पंचकूला रहेगा। सोनीपत में कई पॉल्यूशन के मामलों में अनियमितता बरते जाने को लेकर कार्रवाई की गई है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से बिना शोधित पानी को ड्रेन नंबर-6 में डालने के मामले में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कड़ी कार्रवाई की है। सोनीपत में तैनात असिस्टेंट एनवायरमेंट इंजीनियर रविंद्र यादव पर यह गाज गिरी है। जिन्हें तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।राठधना रोड स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से बिना शोधित पानी को ड्रेन नंबर-6 में डालने के मामले में बोर्ड ने कड़ी कार्रवाई की है।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 193 दिनांक 07.05.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - केतन
पिता/पति-
पता - निवासी 1270/31 कमला नगर रोहतक
उम्र 19 वर्ष
कद- 6 फुट ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा।
पहनावा लोवर, टी-शर्ट व पैरों में स्पोर्टस शूज पहने हुए।

दिनांक 07.05.25 को केतन निवासी 1270/31 कमला नगर रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9812406840

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 139 दिनांक 12.05.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना आई एम टी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे -**



नाम - शकीना
पिता/पति- पुत्री सुरेश
पता- निवासी खेडी साध जिला रोहतक
उम्र- 21 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच ।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हृष्ट पुष्ट शरीर ।
पहनावा - पीले रंग का सूट सलवार व पैरों में जूती पहने हुए।

दिनांक 12.05.25 को शकीना पुत्री सुरेश निवासी खेडी साध जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई एम टी रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई एम टी रोहतक- 99468079674

पीआरडीएच-1084/11/3388/2026/34771/88/6 दि. 14.05.2025

## नई उद्योग नीति जल्द घोषित होगी मेवात में आईएमटी बनेगी : राव

**चंडीगढ़।** प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा में नई उद्योग नीति की घोषणा जल्द की जाएगी। हमने वायदे के अनुरूप 10 नए औद्योगिक मॉडल टॉउनशिप विकसित करने के प्रस्ताव पर तेजी से कार्य करना आरंभ कर दिया है। मेवात में नई आईएमटी विकसित की जाएगी। इसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। शीघ्र ही कई नीतियों के लिए नए मसौंदे ड्राफ्ट तैयार करके नई औद्योगिक नीति लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उद्योग क्षेत्र को अपने बजट में प्राथमिकता दी है और चालू वित्त वर्ष में उद्योग विभाग के बजट में 126 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 1848 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है।

## गैरकानूनी गर्भपात पर सख्ती, जिले में समितियां बनाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा में लिंगानुपात सुधारने के लिए प्रदेश में किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने आज राज्य के सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी उपायुक्त मिशन को व्यक्तिगत प्राथमिकता दें और कन्या भ्रूण हत्या की समस्या से निपटने के लिए व्यापक कदम उठाएं। राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत, उपायुक्तों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थायी समितियों का गठन किया जा रहा है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) इसके सदस्य सचिव होंगे।

### लिंगानुपात सुधार पर जोर

इन समितियों का उद्देश्य निगरानी, प्रवर्तन और समन्वय को मजबूत करते हुए राज्य में लिंगानुपात को बेहतर बनाना है। इन समितियों को हर सप्ताह बैठकें करने, एमटीपी किट की बिक्री, एमटीपी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच तथा लिंग निर्धारण तथा कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति तैयार करने का निर्देश दिया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि अवैध गर्भपात का मुद्दा एक सामाजिक चुनौती है।

## सरकारी कार्यालयों और कॉलोनियों में 31 अगस्त तक स्मार्ट मीटर लगाएं : मनोहर लाल



**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने सरकारी कार्यालय, भवन और आवासीय कालोनियों में 31 अगस्त तक स्मार्ट व प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने स्मार्ट व प्रीपेड मीटर के साथ एग्रीगेट टेक्नीकल एंड कमर्शियल हानि को भी कम करने को लेकर लक्ष्य रखा है। मुंबई में आयोजित हुए पश्चिमी राज्यों के विद्युत सम्मेलन में मनोहर लाल ने विद्युत परियोजनाओं की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री ने बिजली की खपत और आपूर्ति में सुधार के लिए विद्युत निगमों को 31 अगस्त तक सरकारी भवनों व आवासों पर स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता ऊर्जा खपत का आकलन आसानी से स्वयं कर सकेगा और स्मार्ट मीटर की व्यवस्था में एआई/एमएल उपकरणों पर आधारित डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करके उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने की अपार क्षमता है।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

सभी उम्मीदवारों की जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि जो स्क्रीनिंग टेस्ट्स 11.05.2025 को आयोजित किए जाने निर्धारित थे, को नीचे वर्णित अनुसार एतद द्वारा पुनर्निर्धारित किया गया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की नई तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कैमिस्ट्री विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 43/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 29.05.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | फिजिक्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 61/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 29.05.2025 (सायंकालीन सत्र) |

**टिप्पणी** : उम्मीदवारों को नये सिरे से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने का निर्देश दिया जाता है। इस सम्बन्ध में एक घोषणा यथासमय की जाएगी।

दिनांक : 14.05.2025 — हस्ता/- सचिव
संवाद-1156/13/323/2026/34776/88/6 दि. 14.05.25 — हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

## दिल्ली में हुई हरियाणा भाजपा की बैठक ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा, कार्य बिंदु तय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा बीजेपी की संगठनात्मक विषयों को लेकर बुधवार को हरियाणा भवन नई दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में संगठन से जुड़े अहम बिंदुओं के साथ-साथ आगामी कार्य योजनाओं पर मंथन हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा मौजूद रहे। बैठक में संगठन की संरचना, तिरंगा यात्रा, ऑप्रेशन सिंदूर, एक भारत-श्रेष्ठ भारत और वन नेशन-वन इलेक्शन को लेकर भी चर्चा हुई। पंचकूला में होने वाली कौर कमेटी की बैठक के कार्य बिंदू भी तय किए गए।

बुधवार को देर सायं हुई बैठक में भाजपा नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश के आगामी और चल रहे कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने सभी को एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत होने वाले कार्यक्रमों व बिहार चुनाव पर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### सेना की शौर्य गाथा जन-जन तक पहुंचाएंगे



भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने राष्ट्र हितकारी कार्यक्रमों, प्रदेश में निकाली जा रही तिरंगा यात्राओं के जरिए लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और भारतीय सेना की शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता आम नागरिकों को अभियान में जोड़ें और "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता की जानकारी और सेना के पराक्रम से लोगों को अवगत कराएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने संगठन पर्व के तहत चल रही गतिविधियों को बैठक में बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बूथ से लेकर मंडल तक की कार्यकारिणी घोषित हो चुकी है। जिला कार्यकारिणी भी जल्द घोषित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा का रोड मैप तैयार हो चुका है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में वर्ष 2025-26 हेतु लाडवा निर्वाचन क्षेत्र के तहत सहारनपुर कुरुक्षेत्र रोड (आरएचएस) की पहुंचों और सम्पर्क की 11.2 मिमी मोटी स्टोन चिपिंग की आपूर्ति के लिए वार्षिक रखरखाव + 8 कार्य। | 09.05.2025 16.05.2025 | 17.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में लघु सचिवालय कॉलोनी में जेडी, जेई, जेएफ, ई, एफ, डी टाइप क्वार्टर्स के लिए मेन निच की एस/आर और बी2, सी-टाइप क्वार्टर्स में कॉपर वायरिंग सहित एल्यूमीनियम वायर को बदलना + 1 कार्य। | 12.05.2025 19.05.2025 | 27.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | करनाल जिले में कि.मी. 0.00 से 19.500 तक करनाल-राम्बा-इन्द्री-लाडवा रोड (रोड आईडी 7169) की 4-लेनिंग के निर्माण हेतु सी/वी में प्लांटेशन के लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव + 3 अन्य कार्य। | 15.05.2025 21.05.2025 | 31.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 4 | पंचायती राज राजौंद | गांव खेड़ी राववाली पंचायत घर में कमरा 15*15 का निर्माण (एमपी एलएडी)। | 12.05.2025 17.05.2025 | 2.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज कैथल | गांव मटोर ब्लॉक कलायत में जोगिन्दर से चौशाला रोड तक ब्रिक पेवमेंट रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | 12.05.2025 19.05.2025 | 12.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव बल्लाह, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में स्टेडियम में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण। | 13.05.2025 02.06.2025 | 42.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | कुटैल - कुटैल ब्लॉक घरौंडा में सिंचाई प्रयोजन हेतु पाल कॉम. सेंटर से कृषि भूमि तक एचडीपीई पाइप लाइन को बिछाना, एचआरडीएफ स्कीम। | 13.05.2025 02.06.2025 | 46.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | नवीनतम विशिष्टियों सहित 22 अदद ऑटोमेटिक बस वॉशिंग मशीनों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 13.05.2025 27.05.2025 | 200 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आरडी 0 से 25580 तक काहनौर डिस्टी. की गाद निकालना + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 19.05.2025 | 8.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 10 | विशेष सचिव (आईटी), नागरिक संसाधन सूचना विभाग, हरियाणा | "डिजिटल ऑडियो-कांफ्रेंसिंग सोल्यूशन की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, प्रचालन और रखरखाव" हेतु एजेंसी के चयन के लिए प्रतिष्ठित फर्मों / कम्पनियों / एजेंसियों से आरएफपी। | 12.05.2025 06.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 munishchandan.crid@hry.gov.in |
| 11 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह हरियाणा में लांड्री सेवाओं के लिए निविदा। | 16.05.2025 09.06.2025 | 66 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/220/34778/I/88/6 दि. 14.05.25


• खून की कमी • पेड़ू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक


पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111
Samvad-2380Hindi


## खबर संक्षेप

### अजमेर-जम्मूतवी को अब गलताधाम पूजा सुपरफास्ट के नाम से जाना जाएगा

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से गाड़ी संख्या 12413/12414 अजमेर-जम्मूतवी-अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का नाम परिवर्तित कर गलताधाम पूजा सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा कर दिया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि अब ये रेलसेवा परिवर्तित नाम गलताधाम पूजा सुपरफास्ट एक्सप्रेस नाम से संचालित होगी।

### करंट लगने से खंभे से गिरा बिजली कर्मी, मौत

**बहादुरगढ़।** गांव डाबोदा में करंट का झटका लगने से बिजली कर्मी खंभे से गिर गया। मृतक की पहचान करीब 38 वर्षीय अकील अहमद के रूप में हुई है। वह नूंह का रहने वाला था। बिजली निगम में असिस्टेंट लाइनमैन था। इन दिनों उसकी ड्यूटी बुपनिया सब डिवीजन में चल रही थी। मंगलवार की रात को वह डाबोदा के निकट डीएस फिडर पर मेंटेनेंस कार्य कर रहा था। हालांकि सप्लाई कटवाई गई थी लेकिन अचानक करंट का झटका लगने से वह नीचे गिर गया। उसे काफी चोट आई। साथी कर्मचारियों ने उसको संभाला और बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### गश्त लगा रहे ट्रैफिक कर्मी को वाहन ने कुचला

**गुरुग्राम।** मानेसर एरिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से राइडर पर गश्त कर रहे ट्रैफिक पुलिस कर्मी की मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में हिसार के हांसी निवासी कृष्ण ने कहा कि वह अपने गांव भाटला में खेतीबाड़ी करता है। उसका बेटा 36 वर्षीय सुनील कुमार कौशल विभाग के माध्यम से हरियाणा पुलिस के ट्रैफिक थाना मानेसर में तैनात था। 13 मई की सुबह सुनील कुमार राईडर पर गस्त करते हुए एनएच-48 पर पचगांव से मानेसर की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से राईडर में टक्कर मार दी। हादसे को अंजाम देकर चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

### पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मारी, मौत

**गुरुग्राम।** पटौदी एरिया में तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार कंपनी कर्मी को कुचल दिया। हादसे में कंपनी कर्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और पिकअप चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में रेवाड़ी के गांव टहना दिपालपुर निवासी मनोज कुमार ने कहा कि उसका छोटा भाई 37 वर्षीय नरेश कुमार आईएमटी मानेसर स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। बीती 13 मई को नरेश घर से अपनी बाइक लेकर कंपनी जा रहा था।

मंगलवार को साथियों के साथ मिलकर फर्रूखनगर में की थी व्यापारी की हत्या

# पुलिस ने बदमाश को घेरा तो की अंधाधुंध फायरिंग, खुद को गोली मारने का ड्रामा

■ इस्माइलपुर में युवक की हत्या करने आया था आरोपी, घर पर न मिलने से बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

दादरी रेलवे स्टेशन से कुछ मीटर की दूरी पर ढाणी फाटक पर एक बदमाश ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। आरोपी ने रेलवे लाइन पर पांच राउंड फायर किए। जब उसको चारों तरफ से घेर लिया तो पुलिस पर भी फायर किए और खुद को गोली मारने का ड्रामा किया, लेकिन पुलिस ने उसको काबू कर लिया। आरोपी की पहचान झज्जर जिले के गांव इस्माइलपुर निवासी पंकज के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पंकज ने मंगलवार को फर्रूखनगर में अपने साथियों के साथ मिलकर हलवाई की हत्या की है। बुधवार दिन में करीब 11 बजे रेलवे स्टेशन के समीप ढाणी फाटक पर एक युवक ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। उसके हाथों में दो पिस्तौल थी। गोली की आवाज से लोगों में भगदड़ मच गई। राहगीरों ने फायरिंग की सूचना पुलिस और जीआरपी को दी। सूचना के बाद सिटी पुलिस , सीआइए और जीआरपी ने बदमाश के चारों तरफ घेराबंदी की। आरोपी युवक ने पुलिस पर भी फायर किया। इसके आरोपी ने घिरा हुआ देखकर खुद को सिर में गोली मारने का ड्रामा कर जमीन पर गिर गया। उसके गिरते ही पुलिस ने उसको काबू कर लिया। आरोपी के पास दो पिस्तौल बरामद किए गए हैं। रेलवे लाइन पर फायरिंग करने से पहले आरोपी एक निजी स्कूल में गया और पानी पीने का बाद बोला कि उसको मर्डर करना है।

■ खुद को गोली मारने का नाटक करने के बाद जमीन पर गिरा, पुलिस ने दबोचा

■ झज्जर के इस्माइलपुर का रहने वाला है पंकज



चरखी दादरी। मुठभेड़ के बाद बदमाश को गिरफ्तार करते पुलिस कर्मचारी। इनसेट में पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### ये था मामला

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दादरी में फायरिंग का आरोपी पंकज झज्जर जिला के गांव इस्माइलपुर का रहने वाला है। मंगलवार को उसने अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ फर्रूखनगर में हलवाई की हत्या की थी। उसके बाद आरोपी पंकज पुलिस की नजरों से बचकर दादरी पहुंच गया। बुधवार को उसने ढाणी रेलवे फाटक पर लाइनों पर फायरिंग कर दी।

### स्कूल में बोला, मर्डर करना है

आरोपी पंकज फायरिंग से पहले दादरी में ही निजी स्कूल में गया और पानी मांगा। पानी पीने के बाद उसने कहा कि उसे एक मर्डर करना है। पंकज की इस बात पर स्कूल स्टाफ हरकत में आ गया, वह वहां से निकल लिया, कुछ देर बाद उसके ढाणी रेलवे फाटक पर फायरिंग कर दी।

### दहशत फैलाने के लिए फायरिंग

रेलवे फाटक पर फायरिंग कर दहशत फैलाने की सूचना के बाद जीआरपी, सिटी थाना पुलिस और सीआईए मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी को चारों तरफ से घेर लिया। आरोपी ने भागने के लिए पुलिस पर फायर किया, लेकिन गनीमत रहे कि किसी को गोली नहीं लगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक सवार को पिस्तौल दिखाकर ली लिफ्ट

जीआरपी चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि अब तक पूछताछ में सामने आया है कि पंकज ने खुद के गांव इस्माइलपुर में एक युवक की हत्या करनी थी। बुधवार सुबह युवक के घर भी गया था, लेकिन युवक नहीं मिला। इसके बाद वह बस पड़कर अचीना तक पहुंच गया। उसके बाद पिस्तौल दिखाकर बाइक सवार युवक से लिफ्ट मांगी। दादरी से करीब एक किलोमीटर पहले 152 डी हाइवे के पास बाइक के पेट्रोल खत्म हो गया।

### फर्रूखनगर में नपे पुलिसकर्मी

**गुरुग्राम।** व्यापारी राकेश हत्याकांड में फर्रूखनगर थाना प्रभारी सहित तीन अन्य पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। तीनों को लाइनहाजिर कर दिया गया है।

## सब रजिस्ट्रार समेत छह पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

■ फर्जी व्यक्ति को खड़ा कर जमीन की रजिस्ट्री करवाने का आरोप

**जींद।** गांव खेडा खेमावती में फर्जी व्यक्ति को खड़ा कर नौ कनाल छह मरले जमीन की रजिस्ट्री करवाने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर सफीदों के सब रजिस्टार समेत छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रनौला दिल्ली निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने वर्ष 2022 में गांव खेड़ाखेमावती में नौ कनाल छह मरले जमीन 65 लाख रुपये में खरीदी थी। जिसकी रजिस्ट्री 15 जून 2022 को हो गई थी। गांव खेड़ाखेमावती निवासी मनीष व अन्य ने सफीदों सब रजिस्टार के साथ मिलीभगत कर 13 मई 2024 को फर्जी व्यक्ति खड़ा कर रजिस्ट्री करवा ली। उसके न तो स्टांप पेपरों पर हस्ताक्षर हैं और न ही वह सफीदों तहसील में गया। जो रजिस्ट्री में चैक का जिक्र किया गया है, वह उसे नही मिला। फर्जी रजिस्ट्री में उसके दादा का नाम टोडरमल लिखा गया है। जबकि उसके दादा का नाम उदय सिंह है। उसकी जमीन को हड़पने के लिए फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने अमित की शिकायत पर गांव खेडाखेमावती निवासी मनीष, विकास पंच, कर्मबीर, दिल्ली निवासी अमित, सफीदों निवासी जसकरण, सफीदों के सब रजिस्ट्रार के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिव्यांग का अपहरण कर मारपीट, वीडियो भी बनाई

■ अंगुली काटने की कोशिश करने का लगाया आरोप, केस दर्ज

**सिरसा।** सिरसा में एक दिव्यांग युवक का अपहरण कर मारपीट करने और अर्धनग्न कर वीडियो बनाने का संगीन मामला सामने आया है। घायल युवक को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल सिरसा में लाया गया जहां से उसे अग्रोहा रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बुधवार को मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित युवक अशरफ ने बताया कि वह शहर के मेडिकल स्टोर पर काम करता है। मंगलवार देर शाम को संजय नामक युवक का उसके पास फोन आया और कहा कि दुकान पर आ जा। वह अपने घर से पैदल-पैदल सैलून पर चला गया। यहां से कुछ युवक उसे गाड़ी में जबरदस्ती बैठाकर एक होटल में ले गए और वहां उसके साथ मारपीट की। पीड़ित के अनुसार इसके बाद उसे गाड़ी में बैठाकर देवीलाल पार्क में ले गए, जहां पर चार से पांच युवक आ गए, जिनको वह जानता नहीं। उन सभी ने मिलकर बुरी तरह पीटा। घायल असरफ ने आरोप लगाया कि तीनों हमलावरों ने उसकी अर्धनग्न हालत में वीडियो बनाई। उसके हाथ की अंगुली काटने की कोशिश की गई। वह पैदल बड़ी मुश्किल से अपने घर पर आया और पिता ने उसे सिविल अस्पताल में पहुंचाया। जहां से उसे रेफर किया गया।

## जींद डिपो से जम्मू के कटरा और अमृतसर के लिए बस सेवा शुरू

**जींद।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के बाद जींद डिपो से जम्मू कटरा और अमृतसर के लिए फिर से बस शुरू हो गई है। ऐसे में यात्रियों के लिए यह राहत भरी खबर है। जींद से काफी यात्री कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने और अमृतसर में पर्यटन स्थलों पर घूमने के लिए जाते हैं। अब जून माह में विद्यार्थियों की ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होंगे। ऐसे में यात्री बस से कटरा और अमृतसर जाने की योजना बना सकते हैं। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के चलते भारत-पाकिस्तान की सीमाओं पर तनाव की स्थिति चल रही थी। इस कारण हरियाणा से जुड़े पंजाब और राजस्थान बॉर्डर में अलर्ट घोषित किया गया था। इसे देखते हुए रोडवेज प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जींद से जम्मू कटरा और अमृतसर जाने वाली बसों पर रोक लगा दी थी। अब स्थिति सामान्य होने पर फिर से दोनों रूट पर बसों को शुरू किया गया है। आमतौर पर जींद से जम्मू कटरा के लिए सुबह पांच बजकर 50 मिनट और अमृतसर के लिए सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर बस चलती है। जींद से जम्मू कटरा के लिए काफी संख्या में यात्री माता वैष्णो देवी दर्शनों के लिए जाते हैं। इसके अलावा अमृतसर भी देश का महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है।

### ये बोले अधिकारी

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद जींद से जम्मू कटरा और अमृतसर जाने वाली बसों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है।

## गांजे की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने एक व्यक्ति को मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप निरीक्षक रणबीर सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी घंटाघर चौक भिवानी मौजूद थे ।जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि वैश्य कॉलेज चौक के पास एक व्यक्ति अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी लेकर खड़ा हुआ है जिसके पास काफी मात्रा में मादक पदार्थ है पुलिस टीम के द्वारा सूचना की महत्वता को देखते हुए बताए गए स्थान पर रेड करके एक व्यक्ति को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मानव पुत्र राजेश निवासी किरोड़ीमल मंदिर गली चिडी पाल भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी से 2 किलो 18 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।


हरियाणा सरकार
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण लेकर आए हैं

आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत सम्पत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी



दिनांक : 21 से 30 मई, 2025

| नीलामी की तिथि | साइटों का ब्यौरा | ज़ोन |
|---|---|---|
| 21 मई, 2025 (बुधवार) | प्रेफरेंशियल सम्पत्तियां (आवासीय व व्यावसायिक) | सभी ज़ोन |
| 22 मई, 2025 (गुरुवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | पंचकूला और हिसार ज़ोन |
| 23 मई, 2025 (शुक्रवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | रोहतक और फरीदाबाद ज़ोन |
| 27 मई, 2025 (मंगलवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | गुरुग्राम ज़ोन |
| 28 मई, 2025 (बुधवार) | नर्सिंग होम, क्लिनिक व सभी स्कूल की साइटें | सभी ज़ोन |
| 30 मई, 2025 (शुक्रवार) | मेजर साइटें ( व्यावसायिक साइट, शॉपिंग मॉल, अस्पताल और संस्थागत साइट) और बहु मंज़िला ईमारत | सभी ज़ोन |

दिनांक 16/04/2025, 02/05/2025 व 06/05/2025 को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि प्रशासनिक कारणों से ई-नीलामी की तिथियों को पुनः निर्धारित किया गया है।

ई-नीलामी 2025-26 की कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों के आधार पर इस शर्त के साथ आयोजित की जाएगी कि यदि वर्ष 2025-26 के लिए कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों को संशोधित किया जाता है तो तत्पश्चात बोली राशि को आनुपातिक आधार पर संशोधित किया जाएगा और बिडर अंतर राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा।
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी।

मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध। *नियम एवं शर्तें लागू
*इस ई-नीलामी में कोई भी व्यक्ति, कंपनी व सोसायटी/समिति भाग ले सकते हैं।

*ई-नीलामी में दर्शाई गई सम्पत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।

EPABX - 0172-2567858, 2587185
हेल्पलाइन नंबर: 1800-180-3030

*यदि ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि के दिन बैंक अवकाश पड़ता है, तो उस स्थिति में, बैंक अवकाश से पूर्व पड़ने वाले बैंक कार्य दिवस को चालान द्वारा ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि माना जाएगा।

एच.एस.वी.पी. ई-ऑक्शन के पोर्टल के लिंक के लिए https://hsvphry.org.in पर जाएं
किसी भी जानकारी के लिए हमें ई-मेल करें : eauctioncell.hsvp@gmail.com

मुख्य प्रशासक
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
सी-3, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6, पंचकूला 134 109, हरियाणा।
hsvphry.org.in. Hsvphry

स्थलों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी के नियम और शर्त एच एस वी पी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
आने वाली ई-नीलामी की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं। https://hsvphry.org.in


# साले को पहले माला पहनाने को लेकर हुए झगड़े के बाद विनोद ने बेटियों के साथ की थी आत्महत्या

## बुधवार को चारों का बिडौला में हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

■ मध्यप्रदेश शादी के लिए गया था परिवार

■ तीन बेटियों सहित खुद खा लिया था जहर

साले की शादी में पत्नी द्वारा पहले माला पहनाने को लेकर हुए झगड़े के क़रीबन एक सप्ताह बाद बिडौला निवासी 43 वर्षीय विनोद ने गत मंगलवार को अपनी ससुराल मध्यप्रदेश के दमौह जिले के मुरहई गांव में 3 बेटियों को जहर देने के बाद खुद ने भी जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। चारों के शव बुधवार को गांव बिडौला में पहुंचे। जिसके बाद उनका दाहसंस्कार किया गया। घटना के बाद से गांव में मातम छाया हुआ है। मध्यप्रदेश के दमोह के मुरहई गांव में बिडौला निवासी 43 वर्षीय विनोद ने अपने साले की शादी समारोह के बाद 3 बेटियों को जहर खिलाकर खुद भी खा लिया। घटना में चारों की मौत हो गई। गत मंगलवार को वह सुबह बेटियों को बाजार में समोसा खिलाने का कहकर ले गया था। पड़ोस के एक युवक ने उन्हें तालाब किनारे तड़पते देखा तो मृतक ससुराल वालों को सूचना दी।

मृतक के ससुराल के लोग जब मौके पर पहुंचे तो वहां चारों बेहोश मिले। गंभीर हालत में उन्हें हटा अस्पताल ले जाया गया। मृतक विनोद, डेढ़ वर्षीय बेटी महक, पांच वर्षिय खुशी की मौत हो गई थी। बड़ी बेटी 7 वर्षीय खुशबू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गय थाा, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उन्होंने भी दम तोड़ दिया था। परिवार हरियाणा से यहां शादी समारोह में आया हुआ था। मृतक विनोद क़रीबन 14 दिन पहले साल की शादी में गया था। 5 मई को उसके साले की शादी थी। मृतक की पत्नी तीनों बेटियों के साथ 11 अप्रैल को अपने मायके मुहरई गई थी। गांव में शोक का माहौल रहा।

### पत्नी से विवाद के बाद गुमसुम रहता था विनोद

साले की शादी में साले को माला पहनाने को लेकर पति पत्नि में कुछ कहासुनी हो गई। जिसके बाद मृतक विनोद गुमसुम रहने लगा। माला की घटना विनोद के दिमाग मे बैठी रही। जिसके बाद गत मंगलवार 13 मई को विनोद ने 3 बेटियों सहित जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक विनोद ड्राइवरी करता था। वह दस भाई-बहनों में सबसे छोटा था। क़रीबन 10 वर्ष पहले उसकी साथी मध्यप्रदेश के मध्यप्रदेश के हटा ब्लॉक के मुहरई गांव की जूली के साथ हुई थी। उसके बाद उसने 3 बेटियों को जन्म दिया।

# माइक्रोसॉफ्ट 6000 कर्मचारियों को दिखाएगी बाहर का रास्ता, कंपनी में दूसरी बड़ी छंटनी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल के बाद अब माइक्रोसॉफ्ट भी करीब छह हजार कर्मचारियों के ऊपर कैंची चलाने जा रही है। यानी कुल स्टाफ के करीब 3 प्रतिशत को कंपनी बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है। इसमें सभी स्तरों के कर्मचारी शामिल होंगे और इसका कंपनी के ऊपर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट ने साल 2023 में सबसे बड़ी छंटनी कर 10 हजार कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया था। इसके बाद ये दूसरी सबसे बड़ी छंटनी है। छंटनी से प्रभावित स्टाफ के पास कंपनी की ओर से दो ऑप्शन भी दिए जा रहे हैं, जिनमें पहला विकल्प ये कि कर्मचारियों को उनकी सर्विस खत्म होने के बाद 60 दिनों की सैलरी दी जाएगी।

## गूगल के बाद अब माइक्रोसॉफ्ट कर्मचारियों पर चलाने जा रही कैंची

### वजह एआई में भारी निवेश

पिछले साल यानी 2024 के जून तक माइक्रोसॉफ्ट में कर्मचारियों की कुल संख्या 2,28,000 थी, जिनमें से सिर्फ वाशिंगटन में 1985 स्टाफ हैं। ऐसे में तीन प्रतिशत अपने ग्लोबल स्टाफ को कंपनी की तरफ से फायर किया जा रहा है। कंपनी ने इस फैसले के बारे में बताया इसकी वजह लागत नियंत्रण और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में किया गया भारी निवेश को बताया है।




### कर्मचारियों के लिए कई विकल्प

प्रभावित स्टाफ पुरस्कार और बोनस के पात्र होंगे। एक बयान में माक्रोसॉफ्ट के प्रवक्ता ने कहा कि डायनामिक मार्केट में कंपनी की सफलता के लिए हम आवश्यक संगठनात्मक बदलाव लगातार करते रहेंगे। इसके अलावा, परफॉर्मेंस के आधार पर निकाले जा रहे स्टाफ को या तो सुधार के लिए कुछ समय-सीमा दी जाएगी या फिर वे 16 हफ्ते के विच्छेदन वेतन के साथ ग्लोबल वॉलंटरी सेपरेशन एग्रीमेंट का भी विकल्प चुन सकते हैं।

### प्रबंधन भूमिकाओं के लोग ज्यादा प्रभावित

माइक्रोसॉफ्ट ने अपने कर्मचारियों की छंटनी के बारे में बताते हुए कहा है कि वे सभी प्रबंधन के नियंत्रण की सीमा को और बढ़ाकर कहीं ज्यादा व्यवस्थित और पदानुक्रम करना चाहते हैं। ऐसे में हाल में हो रही इस छंटनी से मुख्यतौर पर प्रबंधन भूमिकाओं में लगे लोग ज्यादा प्रभावित होंगे।

## खबर संक्षेप

### रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 85.26 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और सकारात्मक वृहद आर्थिक आंकड़ों के समर्थन से बुधवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 85.26 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख तथा व्यापार शुल्क तनाव कम होने से जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों के प्रति बढ़ती रुचि ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया।

### श्री सीमेंट का लाभ 16% घटकर 556 करोड़ रुपए




**कोलकाता।** श्री सीमेंट का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 16 प्रतिशत घटकर 556 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 662 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि उसकी परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 5,240 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 5,073 करोड़ रुपये थी। कंपनी का ईबीआईटीडीए (कर पूर्व लाभ) 1,381 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा है।

### गेल का शुद्ध लाभ छह प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लि. का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में छह प्रतिशत घटकर 2,049.03 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से पेट्रोरसायन कारोबार में नुकसान और गैस विपणन मार्जिन कम होने से कंपनी का लाभ घटा है। गेल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,176.97 करोड़ रुपये था।

### आयशर मोटर्स के लाभ में 27 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** आयशर मोटर्स का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 1,362 करोड़ रुपये हो गया।

## मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर 0.85 प्रतिशत रह गई

# खाद्य वस्तुओं, ईंधन की कीमतों में नरमी से अप्रैल में थोक महंगाई घटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में कमी आने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर 0.85 प्रतिशत रह गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 2.05 प्रतिशत और अप्रैल, 2024 में 1.19 प्रतिशत रही थी। अप्रैल में दर्ज 0.85 प्रतिशत थोक मूल्य सूचकांक की दर मार्च, 2024 के बाद से सबसे कम है। उस समय यह 0.26 प्रतिशत के स्तर पर थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, '' ...मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों के विनिर्माण व मशीनरी तथा उपकरणों के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।''

**थोक मूल्य सूचकांक मार्च में 2.05 प्रतिशत रहा**

## अप्रैल में दर्ज दर मार्च, 2024 के बाद से सबसे कम

### बिजली की कीमतों में नरमी रही

थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य, ईंधन तथा बिजली के साथ-साथ विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में कमी से इसमें नरमी आई। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में अप्रैल में 0.86 प्रतिशत की गिरावट आई। मार्च में खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति 1.57 प्रतिशत थी। अप्रैल में सब्जियों की मुद्रास्फीति दर 18.26 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 15.88 प्रतिशत रही थी।



### प्याज की मुद्रास्फीति में गिरावट

प्याज की मुद्रास्फीति घटकर 0.20 प्रतिशत हो गई जो मार्च में 26.65 प्रतिशत थी। फलों की मुद्रास्फीति घटकर 8.38 प्रतिशत पर आ गई, जो पिछले महीने 20.78 प्रतिशत पर थी। आलू और दालों कीमतों में भी क्रमशः 24.30 प्रतिशत और 5.57 प्रतिशत की कमी आई।

### सब्जियों, फलों व दालों की कीमतों में नरमी

सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की दर घटकर करीब छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए जून की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में एक और कटौती की पर्याप्त गुंजाइश बन गई है।

**अप्रैल में सीपीआई आधारिक मुद्रास्फीति कम रही** : मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति 3.16 प्रतिशत रही, जो जुलाई, 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 प्रतिशत थी।

### ईंधन व बिजली की महंगाई दर में कमी

बार्कलेज ने एक शोध पत्र में कहा, '' अनुकूल आधार प्रभाव आने वाले महीनों में थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति को कम रखेगा।'' ईंधन व बिजली की महंगाई दर में अप्रैल में 2.18 प्रतिशत की कमी आई। जबकि मार्च में इन उत्पादों की मुद्रास्फीति 0.20 प्रतिशत थी।

## पाकिस्तान को 1.02 अरब डॉलर की किस्त जारी

कराची/इस्लामाबाद (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को विस्तारित कोष सुविधा कार्यक्रम के तहत 1.02 अरब अमेरिकी डॉलर की दूसरी किस्त वितरित कर दी है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान को इस सहायता कार्यक्रम की दूसरी किस्त ऐसे समय पर दी गई है जब आईएमएफ पाकिस्तान के आगामी बजट पर ऑनलाइन माध्यम से चर्चा कर रहा है। हाल ही में भारत के साथ तनाव पैदा होने से आईएमएफ के मिशन प्रमुख की इस्लामाबाद यात्रा कुछ दिन के लिए टल गई। पाकिस्तान सरकार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दो जून को बजट पेश करने की योजना बना रही है।

1.4 अरब डॉलर की आरएसएफ सुविधा भी : विस्तारित कोष सुविधा कार्यक्रम के तहत 1.02 अरब डॉलर की राशि को पिछले सप्ताह आईएमएफ के निदेशक मंडल ने मंजूरी दी थी। इसके अलावा आईएमएफ ने 1.4 अरब डॉलर की अतिरिक्त व्यवस्था भी जुझारूपन एवं टिकाऊ सुविधा के रूप में की है। पहली समीक्षा पर पाक बैंक ने जताया संतोष पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक एसबीपी ने कहा कि राशि जारी करने का फैसला ईएफएफ व्यवस्था द्वारा समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक सुधार कार्यक्रम की पहली समीक्षा पर संतोष जताने के बाद आया है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला हिसार के रा.क.प्रा. पाठशाला पेटवाड़ खंड नारनौंद में दिनांक 23 मई 2025 को सुबह 11 बजे 7 कमरे व बरामदा को खुली बोली द्वारा नीलामी की जानी है। प्रत्येक बोली दाता द्वारा धरोहर राशि के रूप में 30000/- (तीस हजार) कैश बोली से पूर्व विद्यालय मुखिया के पास जमा करवाना होगा। बोली दाता के हक में बोली छोड़ने के उपरांत कुल राशि का (धरोहर को छोड़कर) 25 प्रतिशत मौके पर एवं 75 प्रतिशत 72 घंटे के अंदर-अंदर जमा करवाना होगा। बोली से संबंधित रिर्जव मूल्य व अन्य शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

एस.एम.सी. प्रधान
रा.क.प्रा. पाठशाला पेटवाड़
80591-77133

प्राचार्य
रा.क.व.मा.वि. पेटवाड़
97289-29429

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में नये फैकेल्टी हाउस का पुनरोद्धार, शौचालय सहित चालक कमरे का निर्माण, लिफ्ट पिट का निर्माण। | 13.05.2025 03.06.2025 | 78.65 लाख | https://mdu.ac.in. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34777/I/88/6 दि. 14.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में सेक्टर-23 वार्ड नं. 18 में म. नं. 29, 893, 1650, 1911 और 2761 के निकट पार्कों की धौलपुर स्टोन ग्रिल के निर्माण हेतु आकलन + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.05.2025 | 1.58 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34758/I/88/6 दि. 14.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर शॉकवेव थैरेपी यूनिट की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 13.05.2025 03.06.2025 | 90 लाख | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर एलईडी फोटोथैरेपी की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 13.05.2025 03.06.2025 | 34.68 लाख | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर डीप ऑसीलेशन पल्स्ड इलैक्ट्रोस्टेटिक फील्ड थैरेपी की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना | 13.05.2025 03.06.2025 | 90 लाख | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/34765/I/88/6 दि. 14.05.25

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**विज्ञापन सं. 03/2025** **प्रकाशन की तिथि : 14.05.2025**

आयोग हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला में जिला विपणन प्रवर्त्तन अधिकारी, (ग्रुप-बी) के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का श्रेणीवार ब्रेक-अप निम्नानुसार है:

| क्र. क्र. | पद का नाम | सामान्य/ अनारक्षित | हरि. के वंचित अनुसूचित जाति | पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (i) | जिला विपणन प्रवर्त्तन अधिकारी | 03 | 01 | 04 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 21.05.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 10.06.2025 अप. 5:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 10.06.2025 अप. 5:00 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 13.05.2025
संवाद-1156/13/322/2026/34751/88/6 दि. 14.05.25


### भारत अब 6जी पेटेंट दाखिल करने वाले शीर्ष छह देशों में

**नई दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने बुधवार को कहा कि भारत में 111 से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं को 300 करोड़ रुपये की मंजूरी राशि के साथ वित्तपोषित किया गया है। इसके साथ ही देश अब 6जी पेटेंट दाखिल करने वाले विश्व के शीर्ष छह देशों में शामिल है।

मंत्री ने यहा 'भारत 6जी 2025' सम्मेलन में कहा कि 6जी टेराहर्ट्ज आवृत्ति बैंड का उपयोग करेगा, जिससे एक टेराबिट प्रति सेकंड तक डेटा दर प्राप्त होगी जो 5जी की तुलना में 100 गुना तेज है। पेम्मासानी ने कहा, '' 111 से अधिक शोध परियोजनाओं को 300 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि के साथ वित्तपोषित किया गया है।

**सेंसेक्स 182 अंक मजबूत**

# महंगाई में नरमी से शेयर बाजार में तेजी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

## धातु और औद्योगिक शेयरों में रही खरीदारी




### टाटा मोटर्स में रही गिरावट

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी और पावरग्रिड शामिल हैं।

खुदरा महंगाई में नरमी और वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी रही और चुनिंदा लिवाली से दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स जहां 182 अंक मजबूत हुआ, वहीं एनएसई निफ्टी में 88 अंक से अधिक की तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा धातु तथा औद्योगिक शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से भी बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 182.34 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,330.56 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ऊंचे में यह 81,691.87 अंक तक गया और नीचे में 80,910.03 अंक तक आया। बीएसई में 2,857 शेयर लाभ में रहे, जबकि 1,121 शेयरों में गिरावट रही। वहीं 147 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी भी 88.55 अंक की तेजी के साथ 24,666.90 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, कारोबार के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन चुनिंदा लिवाली के समर्थन से बाजार अंत में लाभ में रहा। सोमवार की जोरदार तेजी के बाद निवेशक जल्दबाजी में नहीं है।हालांकि, घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह आगे चलकर महत्वपूर्ण होगा, लेकिन निवेशकों को चिंता है कि अमेरिका-चीन के बीच शुल्क विवाद के समाधान से चीन के बाजारों में विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी फिर से बढ़ सकती है।

## राशिफल

**मेष:** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क:** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह:** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर:** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ:** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन:** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।


**सूचना**


सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# सोना 650 रुपए टूटा चांदी में भी गिरावट



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 650 रुपये घटकर 96,850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार को 700 रुपये घटकर 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। मंगलवार को यह 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, '' व्यापार तनाव कम होने से सोने की कीमतों में गिरावट जारी है, क्योंकि प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका के साथ व्यापार समझौते कर रही हैं। चीन भी ऐसा करने वाले देशों में शामिल हो गया है जैसा कि दोनों देश एक-दूसरे के सामान पर शुल्क में 90 दिन की कटौती पर सहमत हो गए हैं।''

## शब्द पहेली - 5867




**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5866 का हल





# जडेजा ने टेस्ट में रचा इतिहास, सबसे अधिक 1152 दिनों से नंबर-1 ऑलराउंडर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

क्रिकेट फैंस की जहां एक तरफ नजरें इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए घोषित होने वाली स्क्वाड पर टिकी हुई है तो वहीं दूसरी तरफ टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने टेस्ट में एक नया इतिहास रचने का काम किया है।

भारतीय दिग्गज ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रचते हुए 1152 दिनों से दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बने हुए हैं। रवींद्र जडेजा जिनकी गिनती वर्ल्ड क्रिकेट के तीनों ही फॉर्मेट के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर प्लेयर्स में की जाती है वह पिछले काफी लंबे समय से टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर-1 की पोजीशन पर काबिज हैं। जडेजा इसी के साथ अब नंबर-1 के पायदान पर इतने समय तक रहने वाली वर्ल्ड क्रिकेट के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

### नंबर-1 की पोजीशन बरकरार

रवींद्र जडेजा ने साल 2022 में 9 मार्च को जारी की गई आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर-1 पोजीशन को हासिल किया था, जिसके बाद अब तक 1152 दिन होने के बाद उन्होंने इस स्थान पर अपने कब्जे को बरकरार रखा हुआ है।

### जडेजा के 400 रेटिंग अंक

अभी आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर प्लेयर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा 400 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ पहले नंबर पर काबिज हैं तो वहीं उनके बाद दूसरे नंबर पर बांग्लादेश के खिलाड़ी मेहंदी हसन मिराज हैं जिनके नाम 327 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। ऑलराउंडर प्लेयर्स रैंकिंग में रवींद्र जडेजा अभी एकमात्र ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जो टॉप-10 में हैं उसके बाद सीधे 12वें नंबर पर 220 रेटिंग प्वाइंट के साथ अक्षर पटेल का नाम है।



### बनाए 3370 रन और झटके 323 विकेट

रवींद्र जडेजा के अभी तक के टेस्ट कॅरियर को देखा जाए तो उन्होंने 80 टेस्ट मैचों में 34.74 के औसत से 3370 रन बनाएं हैं। वहीं गेंदबाजी में उन्होंने 24.14 के औसत से 323 विकेट हासिल किए हैं। वहीं रवींद्र जडेजा ने आईसीसी वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान की छलांग लगाई है जिसमें वह नंबर-9 की पोजीशन पर पहुंच गए हैं, जिसमें उनके 220 रेटिंग प्वाइंट हैं।

### शीर्ष ऑलराउंडर

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | रविंद्र जडेजा | भारत | 400 |
| 2 | मेहदी हसन | बांग्लादेश | 327 |
| 3 | मार्को जेनसन | द.अफ्रीका | 294 |
| 4 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 271 |
| 5 | शाकिब अल हसन | बांग्लादेश | 253 |
| 6 | जेसन होल्डर | वेस्ट इंडीज | 249 |
| 7 | जो रूट | इंग्लैंड | 247 |
| 8 | गस एटकिंसन | इंग्लैंड | 240 |
| 9 | बेन स्टोक्स | इंग्लैंड | 235 |
| 10 | क्रिस वोक्स | इंग्लैंड | 225 |

## खबर संक्षेप



### फ्रेसर की जगह रहमान दिल्ली टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को आस्ट्रेलिया के जैक फ्रेसर मैकगुर्क की जगह बांग्लादेश के बायें हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी मैचों के लिये टीम में शामिल गया। भारत पाक तनाव के बीच लीग स्थगित होने के बाद स्वदेश लौट चुके मैकगुर्क बाकी मैचों के लिये वापिस नहीं आएंगे। फ्रेसर मैकगुर्क के नहीं खेलने से दिल्ली की टीम पर असर नहीं पड़ेगा क्योंकि पहले छह मैच में औसत प्रदर्शन के बाद उन्हें टीम में जगह नहीं दी गई। मिचेल स्टार्क के नहीं आने पर भी मुस्ताफिजूर डैथ ओवरों में काम आ सकते हैं।

### कोहली के बिना नीरस होता टेस्ट क्रिकेटः वॉन

**लंदन।** टेस्ट क्रिकेट से विराट कोहली के अचानक संन्यास लेने से स्तब्ध इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट के लिए उतना किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया जितना भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। वॉन ने अपने कॉलम में लिखा, 'टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वालों में बहुत कम ही ऐसे हैं जिनके जाने से मैं वाकई दुखी हुआ हूं कि अब इसे दोबारा खेलते देखने का मौका नहीं मिलेगा। मैं दुखी हूं कि अब विराट कोहली को इंग्लैंड दौरे पर या आगे सफेद जर्सी में नहीं देख सकेंगे।'



### आईएलटी20 का चौथा सत्र दो दिसंबर से होगा शुरू

**दुबई।** डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग का चौथा सत्र दो दिसंबर से शुरू होगा। आयोजकों ने बुधवार को इसकी घोषणा की। यह लीग चार जनवरी 2026 तक चलेगी। आम तौर पर यह टूर्नामेंट जनवरी फरवरी में खेला जाता है लेकिन अगले साल फरवरी मार्च में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप होना है। पिछले सत्र में दुबई कैपिटल्स ने डेजर्ट वाइपर्स को हराकर खिताब जीता था। पिछले सत्र में सैम कुरेन, शाइ होप, फजलहक फारूकी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, डेविड वॉर्नर और राशिद खान समेत कई सितारा खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

ILT20

### प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला डी गुकेश फिर हारे

**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ से ड्रॉ खेलकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक के छठे दौर के बाद बढ़त बना ली है जबकि हमवतन डी गुकेश को फ्रांस के अलीरजा फिरोजा ने हरा दिया। इंग्लिश ओपनिंग में काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंदा को डुडा ने शुरू में परेशान किया लेकिन बाद में उन्होंने लय पकड़ ली। गुकेश इस हार के बाद लाइव रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गए जबकि अर्जुन एरिगेसी तीसरे नंबर पर आ गए हैं।



## 17 मई से दोबारा शुरू होगा आईपीएल का 18वां सीजन

# आईपीएल में अब हर टीम में अस्थायी रिप्लेसमेंट की एंट्री, पर नहीं होंगे रिटेन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आईपीएल में अब तक के नियमों के मुताबिक, टीमें किसी खिलाड़ी के बीमार या चोटिल होने की स्थिति में ही रिप्लेसमेंट साइन कर सकती थीं, वो भी सीजन के 12वें मैच तक, लेकिन अब लीग ने अपने नियमों में बदलाव किया है। इससे टीमें पूरे बचे हुए सीजन के लिए अस्थायी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी ले सकती हैं। वहीं आईपीएल ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि लीग के निलंबन के बाद जो भी खिलाड़ी अस्थायी रूप से टीमों में शामिल होंगे, उन्हें रिटेन नहीं किया जा सकेगा।

आईपीएल का 18वां सीजन शनिवार से दोबारा शुरू होगा। इससे पहले भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के कारण लीग को स्थगित कर दिया गया था। नई तारीखों की वजह से कुछ खिलाड़ियों का शेड्यूल टकरा गया है।

हालांकि ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी भारत लौट आए हैं, लेकिन कुछ ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। इनमें दिल्ली कैपिटल्स के जैक फ्रेजर-मैकगर्क और चेन्नई सुपर किंग्स के जेमी ओवरटन शामिल हैं।



### आईपीएल रिप्लेसमेंट का नियम

आईपीएल में नियम इसलिए लाया गया है, ताकि फ्रेंचाइजी टीमें नीलामी की प्रक्रिया को चकमा देने के लिए जानबूझकर अस्थायी खिलाड़ियों को न साइन करें। आईपीएल ने एक आधिकारिक नोट में फ्रेंचाइजियों को बताया कि उन्होंने रिप्लेसमेंट से जुड़े नियमों की दोबारा समीक्षा की है। लीग ने कहा कि अगर कोई विदेशी खिलाड़ी देश की जिम्मेदारियों, निजी कारणों या फिर चोट या बीमारी के कारण उपलब्ध नहीं हो पाता, तो टूर्नामेंट के बचे हुए मैचों के लिए टीमें अस्थायी रिप्लेसमेंट ले सकती हैं। लेकिन शर्त ये है कि अब से जो भी अस्थायी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी साइन किए जाएंगे, उन्हें रिटेन नहीं किया जा सकता। उन्हें 2026 की आईपीएल नीलामी में रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

### ये खिलाड़ी हो सकते हैं रिटेन

आईपीएल ने ये भी साफ किया कि लीग के निलंबन से पहले जो रिप्लेसमेंट साइन हुए थे, वे अगले सीजन के लिए रिटेन किए जा सकते है। निलंबन से 48 घंटे पहले चार खिलाड़ियों को रिप्लेसमेंट के रूप में साइन किया गया था। इनमें सेदिकुल्लाह अटल (दिल्ली), मयंक अग्रवाल (बेंगलुरु), लुहान डिप्रीटोरियस और नांद्रे बर्गर (राजस्थान) शामलि हैं।

### द.अफ्रीकी खिलाड़ी नहीं खेलेंगे आईपीएल प्लेआफ

**जोहानिसबर्ग।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिये चुने गए दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर आईपीएल प्लेआफ से बाहर रह सकते हैं क्योंकि देश के क्रिकेट बोर्ड का स्पष्ट रूख है कि लीग से ऊपर देश के लिये खेलने को रखना होगा। बीसीसीआई ने सोमवार को पुष्टि की कि आईपीएल 17 मई से शुरू होगा और फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। संशोधित कार्यक्रम ने आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के उन क्रिकेटरों को दुविधा में डाल दिया है जिन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना है। फ्रेंचाइजी और बीसीसीआई ने विदेशी बोर्ड से उनके खिलाड़ियों को लीग के बाकी मैचों में उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। सीएसए ने हालांकि दोहराया है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियां उसकी प्राथमिकता है। सीएसए के राष्ट्रीय टीम और हाई परफार्मेंस निदेशक एनोक एनक्वे ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'यह व्यक्तिगत फैसला है कि उन्हें लीग खेलने लौटना है या नहीं। एक बात हमने साफ कर दी है कि हम बीसीसीआई और आईपीएल से बात कर रहे हैं लेकिन डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियों का कार्यक्रम यथावत रहेगा।'

## सेन थाईलैंड ओपन से बाहर अगले दौर में आकर्षि, उन्नति

एजेंसी ▸▸| बैंकॉक

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के पहले दौर से बाहर हो गए हैं जबकि आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा इस सुपर 500 टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले जीतकर अगले दौर में पहुंच गईं। सेन को आयरलैंड के एन एंगुयेन ने एक घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 18-21, 21-9, 17-21 से हराया।

पहला गेम हारने के बाद सेन ने दूसरे में लय हासिल कर ली लेकिन निर्णायक गेम में एंगुयेन ने उन्हें उबरने का मौका ही नहीं दिया। प्रियांशु राजावत भी पहले दौर में बाहर हो गए जिन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान ने 21-13, 17-21, 21-16 से मात दी। महिला एकल में



आकर्षि ने जापान की कोआरु सुगियामा को 21-16, 20-22, 22-20 से हराया। उन्नति ने थाईलैंड की थामोंवान एन को 21-14, 18-21, 23-21 से मात दी। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में सिंगापुर की यिओ जिया मिन से 18-21, 7-21 से हार गई।

## नीरज 23 को पोलैंड में देंगे चुनौती

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा बेंगलुरु में अगले हफ्ते प्रस्तावित एनसी क्लासिक के स्थगित होने के बाद 23 मई को पोलैंड के चोरजोव में 71वें ओरलेन जानुस्ज कुसोसिन्सकी मेमोरियल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। नीरज को एनसी क्लासिक में विश्व भर और भारत के कुछ अन्य स्टार खिलाड़ियों के साथ हिस्सा लेना था और उन्हें 24 मई को इस प्रतियोगिता की मेजबानी भी करनी थी लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया।



चोरजोव में नीरज को दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के जूलियन वेबर और पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मार्सिन क्रुकोवस्की के अलावा साइप्रियन मर्जिग्लोड और डेविड वेगनर जैसे स्थानीय खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा। पोलैंड में होने वाली यह प्रतियोगिता नीरज के लिए सत्र का तीसरा टूर्नामेंट होगा। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका में की और अब 16 मई को दोहा डाइमंड लीग में हिस्सा लेंगे।

### जगह लेने के लिए भारत के पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी

**लंदन।** इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि भारत के पास बेखौफ और आक्रामक क्रिकेट खेलने वाले अगली पीढ़ी के क्रिकेटर हैं जो विराट कोहली और रोहित शर्मा की जगह ले सकते हैं। कोहली और रोहित ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। पिछले साल टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके ये दोनों दिग्गज वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे। एंडरसन ने कहा, 'महान खिलाड़ी। कोहली टेस्ट क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से एक। शर्मा के संन्यास के बाद एक नया कप्तान होगा। विराट और रोहित की जगह लेना मुश्किल है लेकिन भारत के पास काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं।



## महिला वनडे रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर बरकरार, शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▸▸| दुबई

त्रिकोणीय श्रृंखला में जीत की बदौलत भारत को बुधवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में आठ अंक का फायदा हुआ जिससे उसने अपने और दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के बीच के अंकों के अंतर को कम किया।

दूसरे स्थान पर मौजूद भारत के अब 121 रेटिंग अंक है और वह इंग्लैंड से सिर्फ छह अंक पीछे है। सात बार का विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 167 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है लेकिन अपडेट के बाद अब उसकी बढ़त 44 से घटकर 40 अंक की रह गई है। शीर्ष छह टीम की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है जिसमें न्यूजीलैंड



(96), दक्षिण अफ्रीका (90) और श्रीलंका (82) भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका को नवीनतम रैंकिंग में नौ रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है लेकिन इसके बावजूद टीम पांचवें स्थान पर बनी हुई है। अपडेट के बाद मई 2022 से अप्रैल 2024 के बीच के मुकाबलों को 50 प्रतिशत 'वेटेज' मिलेगी जबकि इसके बाद के मुकाबलों को शत प्रतिशत। अब 2022 में हुए 50 ओवर के विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के दक्षिण अफ्रीका के प्रदर्शन को रैंकिंग की गणना से बाहर कर दिया गया है।

### शीर्ष भारतीय साइकिलिस्ट ईसो अल्बान को सड़क पर ट्रेनिंग के दौरान दो बाइक सवारों ने टक्कर मारी

**नई दिल्ली।** भारतीय साइकिल राइडर ईसो अल्बान को बुधवार को इंदिरा गांधी खेल परिसर के पास सड़क पर ट्रेनिंग के दौरान दो बाइक सवारों ने पीछे से टक्कर मार दी लेकिन सौभाग्य से उन्हें 'मामूली' चोटें ही लगी।अंडमान एवं निकोबार द्वीप के 24 वर्षीय ईसो साइ साइकिलिंग अकादमी में रहते हैं और ट्रेनिंग लेते हैं जिसमें एक शीर्ष श्रेणी का वेलोड्रोम है। इंदिरा गांधी खेल परिसर में स्थिति इस सुविधा को वैश्विक संचालन संस्था यूसीआई से मान्यता मिली है। ईसो ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, "आज ट्रेनिंग के दौरान दो बाइक सवारों ने मुझे पीछे से टक्कर मार दी। वे 100 किमी प्रति घंटा से अधिक की गति से गाड़ी चला रहे थे। मैं अपनी लेन में था। ध्यान केंद्रित कर रहा था। अनुशासित था। फिर भी उन्होंने मुझे दोषी ठहराया और कोई खेद नहीं दिखाया। उन्होंने कहा, "आभारी हूं कि मैं सुरक्षित हूं, केवल कुछ खरोंचें आई हैं।

### नहीं घटेगा रोहित-कोहली का कद ए+ ग्रेड से मिलेंगे सात करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भी केंद्रीय अनुबंध में इन दोनों खिलाड़ियों का ग्रेड नहीं घटेगा। इसे लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जानकारी दी है। रोहित और कोहली लंबे समय तक भारतीय टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और उन्हें हाल ही में जारी बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध में ए प्लस वर्ग में रखा गया था। रोहित और कोहली ने इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले एक सप्ताह के अंदर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। यह दोनों खिलाड़ी टी20 अंतरराष्ट्रीय से भी संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आएंगे। हालांकि, सिर्फ एक प्रारूप में खेलने के बाद उनका केंद्रीय अनुंबध का ग्रेड घटाया नहीं जाएगा। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने यह जानकारी दी है। सैकिया ने कहा, भले ही रोहित और कोहली ने टी20 के बाद टेस्ट से भी संन्यास का एलान कर दिया है।

## पहलगाम हमला : हॉकी इंडिया कर रहा सरकार के परामर्श का इंतजार

# पाकिस्तान का राजगीर में एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच इस साल हीरो एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान का भाग लेना मुश्किल लग रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर के बीच खेला जाएगा।

मेजबान भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपै को इसमें भाग लेना है। यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा लेकिन हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे जैसा पहले भी होता आया है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पहलगाम में क्रूर आतंकवादी हमले और आपरेशन सिंदूर के बाद अभी कुछ कहना मुश्किल है। अभी टूर्नामेंट में तीन महीने का समय है लेकिन हम सरकार की सलाह का पालन करेंगे। इसमें कोई दोराय नहीं है।' महासंघ के एक सूत्र ने कहा, 'अगर सरकार मंजूरी नहीं देती है तो पाकिस्तानी टीम यहां नहीं आएगी। यह सब सरकार के उस समय के रुख पर निर्भर करता है।'



### एशियाई हॉकी महासंघ लेगा फैसला

अगर पाकिस्तान को भारत आने की मंजूरी नहीं मिलती है तो टूर्नामेंट सात टीमों के साथ होगा या एक नई टीम को बुलाया जाएगा। यह फैसला एशियाई हॉकी महासंघ लेगा। एक अधिकारी ने बताया, 'अभी यह कहना मुश्किल है कि नई टीम कौन सी होगी या यह सात टीमों के साथ ही होगा। एशियाई हॉकी महासंघ इस पर फैसला लेगा।' पाकिस्तान हॉकी टीम ने पिछली बार लखनऊ में 2016 जूनियर विश्व कप नहीं खेला था जो पठानकोट आतंकवादी हमले के कुछ महीने बाद ही हुआ था। उसकी जगह मलेशिया को शामिल किया गया था। मौजूदा हालात में पाकिस्तान का 28 नवंबर से दस दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप में खेलना भी मुश्किल है।

**फॉर्म संख्या यूआरसी 2**

**अध्याय XXI के भाग 1 के अंतर्गत पंजीकरण के बारे में सूचना विज्ञापन**

**(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(बी) और कंपनी (रजिस्ट्रार को प्राधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसार)**

1. इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप–धारा (2) के अनुसरण में, पंद्रह दिनों के बाद लेकिन तीस दिनों की समाप्ति से पहले केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामले संस्थान (आईआईसीए), प्लॉट नंबर 6, 7, 8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड– 122050 के रजिस्ट्रार को एक आवेदन किया जाना प्रस्तावित है कि "माइक्रो टर्नर्स", एक साझेदारी फर्म को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग । के तहत शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जाए।
2. कंपनी के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैंः–
   i. ऑटोमोबाइल मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) उद्योगों और अन्य इंजीनियरिंग क्षेत्रों के लिए लौह और अलौह धातुओं से बने नट, बोल्ट, स्क्रू, फास्टनर और अन्य विशेष भागों और सहायक उपकरण सहित, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं, सटीक घटकों के विनिर्माण, उत्पादन, व्यापार, आयात, निर्यात और सौदे में संलग्न होना।
   ii. विनिर्माण प्रक्रिया में दक्षता और तकनीकी उन्नति सुनिश्चित करते हुए, सटीक घटकों के कुशल विनिर्माण के लिए आवश्यक मशीनरी, उपकरण और सामग्री की खरीद, बिक्री, स्थापना और उन्नयन करना।
   iii. ऑटोमोटिव और इंजीनियरिंग उद्योगों की उभरती जरूरतों को पूरा करते हुए, सटीक भागों के डिजाइन और गुणवत्ता में सुधार के लिए अनुसंधान, विकास और नवाचार में संलग्न होना।
   iv. सटीक इंजीनियरिंग उद्योग में तकनीकी जानकारी, संयुक्त उद्यमों और विनिर्माण क्षमताओं के विस्तार के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय फर्मों के साथ सहयोग करना।
3. प्रस्तावित कंपनी के मसौदा ज्ञापन और एसोसिएशन के लेखों की एक प्रति का निरीक्षण कार्यालय माइक्रो टर्नर्स, हिसार रोड, रोहतक–124001 में किया जा सकता है।
4. इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिन के भीतर केन्द्रीय पंजीकरण केन्द्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट मामला संस्थान (आईआईसीए), प्लॉट संख्या 6, 7, 8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड–122050 के रजिस्ट्रार को लिखित रूप में अपनी आपत्ति बता सकता है, जिसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को भी भेजी जाएगी।

**दिनांक 14 मई 2025**

**माइक्रो टर्नर्स की ओर से**
**हस्ता/–**
**सचिन कपूर (पार्टनर)**
**सागरिका कपूर (पार्टनर)**

चिंतन

# महंगाई कम हुई, अब विकास को रफ्तार देने का समय

आखिरकार वो खबर आ ही गई जिसका लंबे समय से इंतजार था। अप्रैल महीने में थोक महंगाई 2.05 प्रतिशत से घटकर 0.85 पर आ गई है। ये महंगाई का 13 महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2024 में महंगाई 0.53 फीसदी पर थी। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से महंगाई घटी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने आज यानी 14 मई को ये आंकड़े जारी किए। फरवरी 2025 की महंगाई दर को सरकार ने संशोधित किया है। इसे 2.38 फसदी से बढ़ाकर 2.45 प्रतिशत कर दिया गया था। महंगाई घटने का सबसे सीधा और महत्वपूर्ण लाभ यह होता है कि लोगों की क्रय शक्ति में वृद्धि हो जाती है। जब चीजें सस्ती होती हैं तो लोगों के पास अधिक पैसा बचता है, जिससे वे अपने रोजमर्रा के खर्चों के अलावा, अन्य आवश्यक और गैर-जरूरी चीजों पर भी खर्च कर सकते हैं। इसका सीधा असर बाजार पर होता है। अगर खपत बढ़ती है तो उत्पाद बढ़ता है। रोजगार के साधन के अलावा बाजार में पैसे का प्रवाह भी तेज गति से होता है। महंगाई में कमी से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है। जब लोग अधिक खर्च करते हैं, तो इससे मांग बढ़ती है। यह मांग व्यवसायों को अधिक उत्पादन करने के लिए प्रेरित करती है। महंगाई घटने के अनेक कारक हैं। अप्रैल 2025 में, खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट से महंगाई दर में कमी आई है। खासकर सब्जियों, फलों, दालों और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट आई है, जिससे आम लोगों को राहत मिली है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत में महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की सराहना की है। महंगाई कम होने के बहुत लाभ हैं। न केवल आम जनमानस को राहत मिलती है बल्कि आम आदमी की क्रय शक्ति में भी वृद्धि होती है। महंगाई घटने से ब्याज दरें भी कम हो सकती हैं। जब महंगाई कम होती है तो केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को घटा देते हैं, जिससे निवेश और ऋण लेने में आसानी होती है। इससे अर्थव्यवस्था में और अधिक निवेश होता है, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। महंगाई में कमी से शेयर बाजार में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब महंगाई कम होती है, तो निवेशकों का विश्वास बढ़ता है, और वे शेयर बाजार में अधिक निवेश करते हैं। कम महंगाई से सरकार के खजाने में भी वृद्धि होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कम महंगाई से कर राजस्व में वृद्धि होती है, क्योंकि लोग अधिक बचत कर रहे हैं और अधिक खर्च कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था भी स्थिर रहती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह एक स्वस्थ आर्थिक माहौल बनाता है, जो निवेश, व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। महंगाई कम होने का सीधा लाभ सरकार को भी मिलता है। कम महंगाई से समाज में भी स्थिरता आती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह लोगों को संतुष्ट करता है और वे सरकार के प्रति अधिक सकारात्मक होते हैं। अब यक्ष प्रश्न यह है कि किसी भी तरह से महंगाई को काबू में ही रखा जाए। वैसे भी पूर्व अनुमानों में मानसून को बेहतर बताया गया है। हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान लगभग 16 प्रतिशत है और लगभग 50 फीसदी जनसंख्या इस पर निर्भर है। अगर मानसून बेहतर रहता है तो इससे सीधे-सीधे किसान की और ग्रामीण अर्थव्यवस्था बेहतर होती है। अब रिजर्व बैंक को भी चाहिए कि कम हुई महंगाई को देखते हुए ब्याज दरों में कटौती करें, जिससे बैंक कर्ज सस्ते हों और बाजार में तेजी आए। तभी महंगाई की कमी का सही लाभ आम आदमी को मिल पाएगा।



मोदी युग
आदर्श तिवारी

# आतंकवाद पर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा

मोदी सरकार के समय भारत की विदेश नीति 'फोटो-ऑप' आधारित कूटनीति से आगे बढ़ चुकी है। अब भारत 'फोकस्ड स्ट्रेटेजी' के साथ अपने पड़ोसियों, वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) और रणनीतिक साझेदारों के साथ नए सिरे से संबंध बना रहा है। 'नेबरहुड फर्स्ट' और 'एक्ट ईस्ट' जैसी योजनाओं को ठोस नीतिगत आधार और आर्थिक साझेदारी के साथ जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री का वक्तव्य कि "ये युग युद्ध का नहीं, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है" वास्तव में भारत की 'डिटरेंस' से 'डॉमिनेंस' की ओर बढ़ती रणनीति का सार है। अब भारत सिर्फ हमलों के जवाब में हमला नहीं करता, बल्कि यह तय करता है कि आतंक की जड़ पर उसे कब प्रहार करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हालिया देश के नाम दिया गया संबोधन न केवल देश के जनमानस की भावनाओं की उग्रता का प्रतीक था, बल्कि यह एक राष्ट्र की स्पष्ट, निर्भीक और निर्णायक विदेश नीति की उद्घोषणा भी थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि, "हर आतंकी जान चुका है कि बहनों के माथे से सिंदूर मिटाने का अंजाम क्या होता है।" यह कथन केवल भावनात्मक उद्घोष नहीं था, बल्कि भारत की सैन्य नीति में आए निर्णायक परिवर्तन का प्रमाण भी है। यह संदेश पाकिस्तान को ही नहीं, बल्कि वैश्विक समुदाय को भी है कि भारत अब केवल सहनशील राष्ट्र नहीं, बल्कि निर्णायक और प्रतिक्रियाशील शक्ति है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक और अब 2025 में ऑपरेशन सिंदूर, ये तीनों घटनाएं भारत की सैन्य रणनीति के तीन चरणों का प्रतिनिधित्व करती हैं। पहला चरण "दर्द का जवाब", दूसरा "सीमा के पार आतंक का संहार" और तीसरा "दमनात्मक स्थायित्व"। यह परिवर्तन केवल सैन्य योजना में नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया समन्वय और कूटनीतिक संरचना में भी परिलक्षित होता है।

मोदी सरकार के समय भारत की विदेश नीति 'फोटो-ऑप' आधारित कूटनीति से आगे बढ़ चुकी है। अब भारत 'फोकस्ड स्ट्रेटेजी' के साथ अपने पड़ोसियों, वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) और रणनीतिक साझेदारों के साथ नए सिरे से संबंध बना रहा है। 'नेबरहुड फर्स्ट' और 'एक्ट ईस्ट' जैसी योजनाओं को ठोस नीतिगत आधार और आर्थिक साझेदारी के साथ जोड़ा गया है। मोदी की 'वसुधैव कुटुंबकम्' की सोच सिर्फ आदर्श नहीं, अब सामरिक विमर्श का हिस्सा है। प्रधानमंत्री का वक्तव्य कि "ये युग युद्ध का नहीं, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है" वास्तव में भारत की 'डिटरेंस' से 'डॉमिनेंस' की ओर बढ़ती रणनीति का सार है। अब भारत सिर्फ हमलों के जवाब में हमला नहीं करता, बल्कि यह तय करता है कि आतंक की जड़ पर उसे कब प्रहार करना है। यह 'न्यू नॉर्मल' सिर्फ पाकिस्तान नहीं, बल्कि उन सभी ताकतों के लिए चेतावनी है जो आतंक को कूटनीतिक औजार मानती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने साफ किया कि पाकिस्तान के साथ अब कोई बात नहीं हो सकती, जब तक कि बात पीओके और आतंकवाद पर न हो। "टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड, पानी और खून, ये सब साथ नहीं बह सकते।" यह बयान केवल एक रेखा नहीं, बल्कि भारत की विदेश नीति का मौलिक सिद्धांत है। पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि भारत अब 'शांति की प्रतीक्षा' नहीं, 'न्याय की प्रतिज्ञा' वाला राष्ट्र है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि यह उस राष्ट्रीय संकल्प का नाम है, जो सांस्कृतिक प्रतीक से आगे जाकर भारत की रणनीतिक चेतना का ऐलान बन गई है। बीते दिनों भारतीय सेना द्वारा उठाया गया एक-एक क़दम हमारी चेतना और राष्ट्रीय अस्मिता से जुड़ा हुआ था। जिसने वैश्विक परिदृश्य पर यह ऐलान किया है कि अब नया भारत अपने आत्म-सम्मान और अपनी संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह स्पष्ट किया कि भारत अब सिर्फ कड़ी चेतावनी नहीं देता, अपितु अपनी कूटनीति और रणनीतिक सोच की



उद्घोषणा के साथ आगे बढ़ने वाला सशक्त देश बन चुका है। जहां का प्रत्येक नर-नारी अपने देश-समाज की रक्षा के लिए एक सुर में जवाब देने को तत्पर है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य परंपरा में एक नई परंपरा की शुरुआत की है। यह वह क्षण है जब सामरिक कार्रवाई और सांस्कृतिक चेतना एक साथ एक लक्ष्य की ओर अग्रसर हुए। यह केवल शत्रु के अड्डों को नष्ट करना नहीं था, यह उनके आकाओं को सीधा संदेश था कि आतंक का पोषण अब भारत बर्दाश्त नहीं करेगा और ना ही न्यूक्लियर ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकवाद को, भारत अब सतत इस पर कड़ा प्रहार करता रहेगा। जब प्रधानमंत्री ने कहा, "आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए," तो यह बयान दुनिया के लिए एक साफ़ संदेश था: भारत अब प्रतीक्षा नहीं करेगा, प्रतिक्रिया देगा, और वह भी निर्णायक ढंग से। मोदी सरकार की रणनीति अब तीन स्तंभों पर खड़ी है: न्यायिक वैधता, सैन्य स्पष्टता और कूटनीतिक निर्भीकता। इस ट्रायड के माध्यम से भारत न केवल सीमा पर बल्कि वैश्विक मंचों पर आतंकवाद को अलग-थलग करने में सफल रहा है। संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स, क्वाड, और जी-20 जैसे मंचों पर भारत की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति अब एक वैश्विक नैरेटिव बन रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत ने आतंक के खिलाफ एक नई लकीर खींच दी है "न्यू नॉर्मल।" भारत अब केवल आंतरिक सुरक्षा को लेकर सतर्क नहीं, बल्कि सीमा पार खतरे की स्थिति में तत्काल प्रहार करने की रणनीति अपना चुका है। पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को राज्य की नीति के रूप में अपनाने की स्थिति में भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि अब कूटनीति केवल संवाद नहीं, बल्कि प्रतिरोध और प्रतिशोध का उपकरण है। मोदी सरकार ने एफएटीएफ, संयुक्त राष्ट और जी-20 जैसे मंचों का उपयोग कर पाकिस्तान को बार-बार बेनकाब किया है। मोदी सरकार ने 'मेक इन इंडिया' को केवल एक आर्थिक अभियान तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे रणनीतिक सुरक्षा से जोड़ा है। तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट अब निर्यात की कगार पर है। आकाश मिसाइल सिस्टम, ब्रह्मोस मिसाइल, अर्जुन टैंक, सब स्वदेशी निर्माण की मिसालें हैं। आईएनएस विक्रांत ने भारत को चार राष्ट्रों के क्लब में ला खड़ा किया है जो एयरक्राफ्ट कैरियर स्वयं बना सकते हैं। भारत अब 85 से अधिक देशों को रक्षा सामग्री निर्यात करता है। इस आत्मनिर्भरता ने भारत को वैश्विक सैन्य बाजार में एक 'नेटरल डिफेंस सप्लायर' के रूप में स्थापित किया है। ऑपरेशन सिन्दूर ने दुनिया को यह भी सन्देश दिया कि भारत के हथियार आधुनिक, ताकतवर और अभेद्य हैं। मोदी सरकार ने भारत की विदेश नीति को बहुआयामी बना दिया है। एक ओर अमेरिका, फ्रांस, इजरायल, ऑस्ट्रेलिया जैसे रणनीतिक साझेदारों के साथ गहरे सुरक्षा संबंध बने, वहीं रूस, ईरान और खाड़ी देशों से संतुलित संवाद को भी बनाए रखा गया। क्वाड - (भारत, जापान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया) को एक सक्रिय मंच बनाया गया जो इंडो-पैसिफिक में चीन के विरुद्ध संतुलन बनाता है। भारत-फ्रांस रक्षा संबंधों ने स्कॉर्पीन पनडुब्बी, राफेल डील और साइबर सुरक्षा में नई ऊंचाइयों को छुआ है। मोदी सरकार की विदेश नीति की खास बात है उसका स्ट्रैटेजिक बैलेंसिंग एक्ट। अमेरिका के साथ क्वाड और डिफेंस इनीशिएटिव्स को मज़बूत करते हुए भारत ने रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम जैसे रणनीतिक सौदे भी जारी रखे। वहीं चीन के मामले में भारत ने एलएसी पर 'स्टैंड-ऑफ' नीति अपनाते हुए डिप्लोमैटिक वार्ताओं के साथ सैन्य तैनाती में कोई ढील नहीं दी। यह संतुलन ही भारत को आज बहुध्रुवीय विश्व में एक स्वतंत्र ध्रुव की तरह उभार रहा है। यह केवल रणनीति नहीं, यह भारत का नवजागरण है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर
राजेश जैन



# भारत की रणनीतिक विजय है संघर्ष विराम

दस मई 2025 की शाम जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं तो दुनिया ने राहत की सांस ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाइयों ने न केवल सीमा पार आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया था, बल्कि युद्ध के बदल गहराने की आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता पैदा कर दी थी। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में संघर्ष विराम के विभिन्न कारण बताए जा रहे हैं। लेकिन संघर्ष विराम की यह पहल चाहे पाकिस्तान की रही हो या अमेरिका की मध्यस्थता से हुई हो अथवा भारत की रणनीतिक संतुलन साधने की चतुराई रही हो, एक बात तय है कि इससे भारत के वैश्विक कूटनीतिक कद को नई ऊंचाई मिली है। संघर्ष विराम को भारत की रणनीतिक विजय माना जा रहा है। इस दौरान भारत ने ब्रह्मोस जैसे एडवांस हथियारों के उपयोग के जरिए अपनी सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। देश ने आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन हासिल किया और पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफल रहा। इस दौरान चीन के हथियारों की प्रभावशीलता को चुनौती दी, जिससे उसकी छवि को झटका लगा। भारत कूटनीति और सैन्य शक्ति का संतुलन साधते हुए संघर्ष को सीमित रखने में भी सफल रहा। 10 मई की सुबह भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सामरिक ठिकानों पर स्कैल्प, हेमर और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों से हमला किया। ब्रह्मोस का उपयोग पहली बार सुखोई-30 जैसे फाइटर जेट से किया गया। इससे पाकिस्तान को स्पष्ट संकेत दिया कि भारत अब पारंपरिक जवाबी हमलों से आगे निकल चुका है। पाकिस्तान को आशंका हुई कि भारत अगला निशाना उसके परमाणु ठिकानों और आर्मी कमांड सेंटर्स पर साध सकता है। यह डर इतना गहरा था कि पाकिस्तान को अमेरिका की 'हॉटलाइन' पर मदद लेनी पड़ी। अमेरिका ने तुरंत कड़ा रुख अपनाते हुए इस्लामाबाद से संघर्ष रोकने को कहा। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के डायरेक्टर ऑफ़ मिलिट्री ऑपरेशन्स डीजीएमओ के बीच सीधी बातचीत हुई और शाम तक सीजफायर पर सहमति बन गई। एक अन्य महत्वपूर्ण थ्योरी के मुताबिक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर इस संघर्ष को रोकने की सलाह दी। अमेरिका को खुफिया जानकारी मिली थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहा तनाव परमाणु संघर्ष में तब्दील हो सकता है। वेंस के फोन कॉल के बाद भारत और पाकिस्तान के वरिष्ठ राजनयिकों और सुरक्षा सलाहकारों के बीच कई दौर की बातचीत शुरू हुई। इस थ्योरी से यह संकेत मिलता है कि भारत वैश्विक दबाव को नजरअंदाज नहीं कर रहा था, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत पीछे हटा बल्कि यह संकेत है कि भारत अपनी स्थिति स्पष्ट कर अपनी सैन्य श्रेष्ठता स्थापित करने के बाद कूटनीतिक समाधान की ओर बढ़ा। संघर्ष विराम में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की भूमिका उजागर होती है। भारत की सख्त आपत्ति के बावजूद आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का लोन जारी किया। भारत ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान इस धन का उपयोग आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में कर सकता है। कई विश्लेषकों का मानना है कि आईएमएफ द्वारा यह लोन जारी करने की शर्त ही संघर्ष विराम रही हो। अमेरिका आईएमएफ के निर्णयों पर भारी प्रभाव रखता है और यह संभव है कि अमेरिका ने पाकिस्तान को लोन के बदले संघर्ष विराम के लिए राजी किया हो। यह कूटनीति भारत के लिए लाभदायक रही, क्योंकि बिना अतिरिक्त सैन्य नुकसान के पाकिस्तान को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। सीजफायर के पीछे एक चौथा दिलचस्प पक्ष चीन से जुड़ा है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जिन हथियारों का प्रयोग किया जेएफ -17, पीएल-15 मिसाइल, एचक्यू -9 डिफेंस सिस्टम, वे सभी चीन से प्राप्त थे। भारत ने अपनी एयर डिफेंस प्रणाली के माध्यम से इन हथियारों को नाकाम किया, जिससे चीन के हथियारों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए। चीन को डर था कि उसके हथियारों की असफलता से उसकी वैश्विक हथियार बाज़ार में छवि को गंभीर नुकसान होगा। इसलिए चीन ने पाकिस्तान पर सीजफायर के लिए दबाव डाला। भारत ने अपने मिलिट्री रिस्पांस पूरी करने के बाद ही संघर्ष विराम की दिशा में कदम बढ़ाया। भारत ने स्पष्ट किया कि वह युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अपनी सुरक्षा और जवाबी कार्रवाई में कोई कोताही भी नहीं बरतेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संकीर्णता अधर्म है विष है



संकलित
दर्शन

पानी छोटे से पोखर में भी पाया जाता है किन्तु वह प्रायः गन्दा और दुर्गन्ध पूर्ण होता है किन्तु सरोवर में पाया जाना वाला पानी स्वच्छ और अधिक उपयोगी होता है। पोखर छोटा और सरोवर विशाल होता है। मानव का मन भी प्रायः दो तरह का होता है। क्षुद्र और विशाल। क्षुद्र हृदय व्यक्ति बहुत सीमित दायरे में सोचता है। ऐसे व्यक्ति प्रायः कट्टर होते है वे औरों के प्रति असहनशील और ईर्ष्या ग्रस्त होते हैं। सरोवर की तरह उदार हृदय व्यक्ति विशाल दृष्टि कोण लेकर चलते हैं सहिष्णुता उनकी मुख्य विशेषता होती है। वे अपना ही नहीं सभी का अभ्युदय चाहते हैं। संकीर्ण मनोवृत्ति से दूर रहते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज और मानवता के लिए वरदान स्वरुप होते हैं। धर्म मूलत, विशाल हृदयी व्यक्ति तैयार करने का काम करता है। मित्ति में सव्व भूएसु, सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम जैसे धर्म के मौलिक सूत्र है जिन में संकीर्णता का कोई नामो निशान नहीं है किन्तु जब से धर्म में संप्रदायें प्रबल हुई है। धर्म के स्वरुप को भी संकीर्ण बनाने का प्रयत्न किया जाने लगा। संकुचित मनोवृत्ति वाले व्यक्ति साम्प्रयादिकता के ज्यादा पक्ष घर बने रहे उन्होंने धर्म की सारी व्यवस्थाओं को कट्टरता और संकीर्णता के घेरे में बांध लिया। केवल हम और हमारा ये ही ठीक है शेष सभी व्यर्थ है। संकीर्णता की इस भावना ने धर्म की सार्वभौमिकता को तोड़ कर जन जन में भेद भाव की खाई खड़ी कर दी। अन्य धर्म संप्रदायों की बात छोड़िये। जैन धर्म को ही ले लीजिये श्वेताम्बर दिगम्बर स्थानक वासी मूर्ति पूजक तेरा पंथी आदि बड़े बड़े विभाग तो है ही इसमें भी संप्रदाय और उप संप्रदायों का एक विशाल समूह खड़ा है।

# भगवान जी आप अपना ध्यान रखना



संकलित
प्रेरणा

एक बच्चा रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नही देती थी।एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, इस अवसर का लाभ लेते हुए बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम ! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनो के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा। लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहू, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा आभारी होना चाहिए जिन्होनें हमें बिना मांगे सब कुछ दिया है।

## अंतर्मन

भारत के व्यापारी देंगे तुर्की की एहसान फरामोशी का जवाब, उत्पादों को इंपोर्ट करने से मना किया




## आज की पाती

### भारत की सहनशीलता

पहलगाम की घटना के बाद आवेश में भारत ने संयम बरतने का परिचय दिया। जिस तरह से बेरहमी पूर्वक निर्दोष लोगों की आतंकियों ने नृशंस हत्या की है। वह निंदनीय थी। मोदी ने कहा कि ट्रेड- टेरर और टाक एक साथ नही चलने वाला है। भारत बात सिर्फ पीओके पर ही करेगा। पाकिस्तान हर बार न्यूक्लियर की धमकी देता आ रहा है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि अब परमाणु धमकी कभी भी सहन करने वाला नही है। पाकिस्तान को करारा जवाब मिलता रहेगा। भारतीय सेना का मनोबल न तो तोड़ा जाएगा और न ही लाख कोशिश के बाद भी उसे भेद सकेगा। भारत ने वीरता दिखाई और सेना के शौर्य और पराक्रम के लिए मोदी ने उन्हें धन्यवाद दिया। पाकिस्तान ने आतंकी गतिविधिया और सैन्य दुस्साहस नही दिखाने की शर्त पर सीजफायर स्थगित किया गया है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

जयंती विशेष
डॉ. मनोज दयाल



# कुशल ज्योतिषाचार्य भी थे पत्रकार नारद

कालदर्शक पंचांग के अनुसार ब्रह्मांड के आदि पत्रकार देवर्षि नारद का जन्म ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया के अनुराधा नक्षत्र में हुआ था। वास्तव में देवर्षि नारद स्वयं एक ज्योतिषशास्त्र के प्रकांड विद्वान थे। तभी तो उनका नारद संघिता नामक ग्रंथ काफी लोकप्रिय व मशहूर है। नारद संहिता के अनुसार, "शुक्ले चंद्र बलं ग्राहं कृष्ण तारा बलं तथा" अर्थात शुभ मुहूर्त के लिए शुक्ल पक्ष में चंद्रमा का बल एवं कृष्ण पक्ष में तारा यानी नक्षत्र का बल देखा जाता है। 27 नक्षत्रों में अनुराधा नक्षत्र का 17वां स्थान है जिसका अर्थ होता है सफलता। अनुराधा नक्षत्र का स्वामी शनि एवं राशि स्वामी मंगल होता है जिससे ऐसे जातकों पर दोनों ग्रहों का प्रभाव देखा जाता है। ऐसे जातकों का जन्म लग्न वृश्चिक राशि माना जाता है जो एक सौम्य स्थिर व जल तत्वीय राशि होता है एवं जिसका स्वभाव सौम्य, सरल, सहज परंतु वह स्पष्टवादी होता है। ऐसे जातक का स्वर कई बार कटु व मधुर दोनों का सम्मिश्रण भी होता है। संचार का एक प्रकार है जिसे ग्रहीय संचार यानि प्लेनेटरी कम्युनिकेशन कहा जाता है। ग्रहीय संचार का जिक्र तैतिर्य उपनिषद एवं पाराशर ज्योतिष शास्त्र में आज से लगभग 5000 वर्ष पूर्व मिलता है। संचार का यह अद्भुत प्रकार कालांतर में लुप्त विलुप्त होता गया और संचार का यह क्षेत्र आज भी पूर्णरूपेण उपेक्षित है। देवर्षि नारद ने भी ग्रहीय संचार यानि प्लेनेटरी कम्युनिकेशन का जिक्र ग्रंथ नारद संहिता में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप में किया था। आदि पत्रकार नारद को देवर्षि, महर्षि, ब्रह्मर्षि आदि कई नाम से संबोधित किया जाता है। आप ब्रह्मा के सात मानस पुत्रों में से एक थे। हिंदू शास्त्रों के अनुसार आपने अपने पिता के कार्य में विघ्न पहुंचाये थे जिसके कारण आपको यह श्राप मिला था कि आप आजीवन इधर-उधर भ्रमण करते व भटकते रहेंगे। परंतु आपने चंचलता में स्थिरता की एक मिसाल पेश की है। गीता के दशम अध्याय में स्वयं भगवान कृष्ण ने कहा है कि मैं देवर्षि नारद हूं। महाभारत के पंचम अध्याय में यह बताया गया है कि आप वेदों और उपनिषदों के ज्ञाता भी थे। आप अतीत, वर्तमान एवं भविष्य के ज्ञाता थे। 18 महापुराणों में से एक नारद पुराण भी है। भगवान विष्णु के अनन्य भक्त नारद विश्व के प्रथम संवाददाता थे, जो मानव लोक ,देव लोक, दानव लोक,पृथ्वी लोक,आकाश लोक एवं पाताल लोक में भ्रमण करते रहते थे। आपके पास इन लोकों की तत्काल खबर होती थी तथा आप सभी के मन की बात से पूर्णता अवगत होते थे। सब की अंतरात्मा की आवाज आप किसी न किसी रूप में सुन लेते थे, समझ ही लेते थे। आप देवता, दानव व मानव तीनों के बीच समान रूप से सम्माननीय माने जाते थे। नारद महापुराण पुस्तक में इस बात की स्पष्ट झलक है कि आपकी पत्रकारिता लोकहितकारी जन उपयोगी होती थी। महान ग्रंथ नारद पंचरात्र में इस बात का स्पष्ट जिक्र है कि आप लोगों को आपस में लड़ाते भिड़ाते नहीं थे, बल्कि आपके पत्रकारी तथ्यों को टटोलने व संकलन करने का यह एक विशिष्ट, अद्भुत व अनोखा तरीका था ताकि हू-ब-हू तथ्य सामने आ सके। तात्पर्य की नारद भी एक वस्तुनिष्ठ रिपोर्टर की तरह ही थे लेकिन देखने में लगते थे कि आप एक विषयनिष्ठ रिपोर्टर थे। कई बार आज के इस आधुनिक युग में भी बड़े-बड़े खोजबीन खोजी प्रतिष्ठित पत्रकार भी महर्षि नारद की तरह ही बहुरूपिया आकार धारण कर लेते हैं और वह अंदर की बात टटोलने का प्रयास अपने अलग-अलग विचित्र तरीके से करते हैं। लेकिन लिखते समय वह बिल्कुल वस्तुनिष्ठ हो जाते हैं। नारद भी जब अपनी वास्तविक प्रतिवेदन पेश करते थे, तब वह बिल्कुल एक वस्तुनिष्ठ संवाददाता की तरह ही व्यवहार करते थे। नारद एक बहुत अच्छे समाचार विश्लेषक भी थे। और वहां भी आपकी वस्तुनिष्ठता यानि ऑब्जेक्टिविटी सदा सर्वदा बरकरार रहती थी। महर्षि नारद कभी भी आज के आधुनिक पत्रकारों की तरह टेबल रिपोर्टिंग नहीं करते थे। बल्कि स्पॉट रिपोर्टिंग करते थे। तात्पर्य यह कि महर्षि नारद सच्चे अर्थों में आदि पत्रकार एवं एक प्रभावी संचारक थे। आप में खोजी पत्रकारिता, खबरों को टटोलने की विशिष्ट क्षमता, तीनों लोकों के मन की बात जानने की योग्यता, स्पॉट रिपोर्टिंग की गुणवत्ता, तथ्यपरखता ,यथार्थवादिता, वस्तुनिष्ठता, संतुलन, निष्पक्षता, निष्कलंकता,न्यायपूर्णता आदि गुण विद्वान थे।

(लेखक प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, जनसंचार विभाग, गुजवि, हिसार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



माँ भारती के अमर सपूत, स्वधर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले महान योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की पावन जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन! अधर्म व आततायियों के विरुद्ध उनका असाधारण संघर्ष युग-युगांतर तक हर भारत वासी को प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### समरसता न बिगड़े



मध्यप्रदेश के मंत्री द्वारा मुस्लिम महिला सेना प्रवक्ता के सम्बंध में की गई अभद्र टिप्पणी को केन्द्र सरकार गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूर करे, ताकि आपसी भाईचारा व समरसता न बिगड़े।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### न्यायमूर्ति गवई को बधाई



उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को हार्दिक बधाई। आशा है कि उनका कार्यकाल न्याय के उच्चतम आदर्शों को कायम रखेगा व न्यायपालिका में लोगों का विश्वास मजबूत करेगा।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### अस्वीकार्य बयान



प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के उस मंत्री को अभी तक बर्खास्त क्यों नहीं किया, जिसने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ बेहद शर्मनाक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बयान दिया?
**-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

उत्तर प्रदेश के जेवर में लगेगा कारखाना

# एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम को मंजूरी

## पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला, हर महीने 3.6 करोड़ चिप बनेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने बुधवार को एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम को मंजूरी दे दी। यह संयुक्त उद्यम उत्तर प्रदेश के जेवर में 3,706 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से वेफर्स बनाने का कारखाना लगाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रस्तावित एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, वाहन और अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप बनाएगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित कारखाना प्रति माह 20,000 वेफर्स (सेमीकंडक्टर सामग्री सिलिकन की पतली परत) तैयार करेगा। इससे लगभग 2,000 नौकरियां सृजित होंगी।

**सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी**

●

**कारखाना प्रति माह 20,000 वेफर्स (सेमीकंडक्टर सामग्री सिलिकन की पतली परत) तैयार करेगा।**



### फॉक्सकॉन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की सबसे बड़ी विनिर्माता

वैष्णव ने कहा, "मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में स्थापित होने वाले छठे सेमीकंडक्टर संयंत्र को मंजूरी दे दी है। यह एचसीएल और फॉक्सकॉन के बीच डिस्प्ले ड्राइवर चिप बनाने का संयुक्त उद्यम है। ये चिप स्क्रीन पर प्रदर्शित सामग्री की गुणवत्ता और प्रारूप को नियंत्रित करते हैं। यह एक बहुत ही उन्नत प्रौद्योगिकी है जिसे स्थापित किया जा रहा है।" फॉक्सकॉन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की सबसे बड़ी विनिर्माता है। यह एप्पल का आईफोन भी बनाती है। वैष्णव ने कहा, "हमारा मानना है कि एक बार यह इकाई यहां आ जाए, तो डिस्प्ले पैनल संयंत्र भी भारत आ जाएगा। यह भारत की 40 प्रतिशत क्षमता को पूरा करेगा। यह एक बड़ा संयंत्र है। यह दुनिया के बाकी हिस्सों के लिए भी फॉक्सकॉन की जरूरतों को पूरा करेगा।" मंत्री ने कहा कि एचसीएल-फॉक्सकॉन संयुक्त उपक्रम 2027 में चालू हो जाएगा। कुल 3,706 करोड़ रुपये के निवेश से लगाए जा रहे इस संयंत्र से 2,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग वर्तमान में लगभग 25 लाख लोगों को रोजगार देता है। वैष्णव ने कहा, "सेमीकंडक्टर बुनियादी कलपुर्जा हैं। इसका देश में संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा।"

### सेमीकंडक्टर की दुनिया में भारत की प्रगति जारीः प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में 3,706 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से सेमीकंडक्टर संयंत्र को मंजूरी दिए जाने के बाद सेमीकंडक्टर की दुनिया में भारत की प्रगति जारी है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस संयंत्र को मंजूरी दी गई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सेमीकंडक्टर की दुनिया में भारत की प्रगति जारी है! उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर इकाई की स्थापना के संबंध में आज मंत्रिमंडल के फैसले से तरक्की और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इससे युवाओं के लिए भी कई मौके पैदा होंगे।" मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में स्थापित होने वाले सेमीकंडक्टर संयंत्र को मंजूरी दी है। यह एचसीएल और फॉक्सकॉन के बीच 'डिस्प्ले ड्राइवर चिप' बनाने का संयुक्त उद्यम है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसले पर मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि इसकी क्षमता प्रति माह 20,000 वेफर्स (सेमीकंडक्टर सामग्री सिलिकन की पतली परत) तैयार करने की होगी और यह प्रति माह 3.6 करोड़ चिप का उत्पादन करेगी।



## खबर संक्षेप

### दमदम स्टेशन पर पटरी से उतरी उपनगरीय ट्रेन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बुधवार को दमदम रेलवे स्टेशन पर प्रवेश करते समय एक उपनगरीय ट्रेन पटरी से उतर गई। अपराह्न करीब 12.11 बजे प्लेटफॉर्म संख्या चार पर प्रवेश करते समय बोनगांव-सियालदह ईएमयू ट्रेन के पिछले कोच के दो पहिए पटरी से उतर गए। इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। विभाग ने मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं।



### कड़प्पा जिले में तालाब में पांच बच्चे डूबे

**मल्लेपल्ली।** कड़प्पा जिले के एक गांव में खेलते समय तालाब में डूबने से 5 बच्चों की मौत हो गई। अनुभागीय पुलिस अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि 10 से 15 वर्ष आयु के ये सभी बच्चे एक ही परिवार के थे और मंगलवार को अपराह्न करीब तीन बजे ब्रह्ममगरी मत्तम मंडल के मल्लेपल्ली गांव में तालाब के पास खेलने गए थे। जांच की जा रही है।



### ठाकुर बांकेबिहारी को भेंट किया डॉलरों से बना हार

**वृंदावन।** यहां की पावन भूमि, जहां प्रेम और भक्ति की धारा अनवरत बहती रहती है। नित्य ही अद्भुत दृश्यों की साक्षी बनती है। यहां कण-कण में राधा-कृष्ण का प्रेम रस घुला हुआ है और भक्त अपनी श्रद्धा को अनगिनत रूपों में व्यक्त करते हैं। ऐसा ही एक अनुपम दृश्य तब साकार हुआ जब एक भक्त ने आराध्य ठाकुर बांके बिहारी जी को डॉलर की माला अर्पित की।



### टिकटॉक ने लॉन्च किया नया एआई फीचर

**नई दिल्ली।** टिकटॉक ने एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फीचर लॉन्च किया है, जिसका नाम एआई अलाइव है। यह टूल किसी भी इमेज को एनिमेटेड वीडियो में बदल सकता है। फिलहाल यह फीचर केवल टिकटॉक स्टोरीज में इस्तेमाल किया जा सकता है। टिकटॉक ने एक न्यूजरूम पोस्ट के जरिए इस फीचर की घोषणा की।




### जहरीली शराब बेचने वाले सहित 23 की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर के कस्बा मजीठा में जहरीली शराब से मौत के मुंह में गए सभी 23 लोगों के घरों में सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव थरियेवाल का रहने वाला तारू सिंह, जोकि शराब बेचने का धंधा करता था। सोमवार को जब गांव के अन्य लोगों ने शराब पी तो उस दौरान तारू सिंह ने भी इसी शराब का सेवन किया था।



## कांग्रेस भाजपा पर हमलावर, जगह-जगह प्रदर्शन कर जताया विरोध

# मंत्री विजय शाह के बयान पर बवाल, कांग्रेस ने पुतला फूंका, महिला आयोग ने बताया निंदनीय



एजेंसी ▶▶ भोपाल/इंदौर

कर्नल सोफिया कुरैशी पर बयान को लेकर कांग्रेस मंत्री विजय शाह और भाजपा पर आक्रामक है। मंत्री पर एफआईआर और बर्खास्तगी की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश भर में शाह का पुतला फूंका। इंदौर में महिला कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह का पुतला जलाया। सेवादल ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के पोस्टर का दूध से अभिषेक किया। रतलाम में पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गई। खंडवा, श्योपुर, भिंड और नर्मदापुरम के सिवनी मालवा में मंत्री विजय शाह पर एफआईआर और इस्तीफे की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा गया है। इधर, कांग्रेस नेता मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर कराने भोपाल के श्यामला हिल्स थाने पहुंचे। यहां एडिशनल डीसीपी शालिनी दीक्षित उन्हें समझाया। इसके बाद जीतू पटवारी के आवेदन पर रोजनामचा में शिकायत दर्ज कर ली गई है।

### वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद विपक्ष ने किया विरोध, माफी की रखी मांग

## सोफिया कुरैशी के खिलाफ शर्मनाक बयान देने वाले मंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया गया : कांग्रेस

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ "शर्मनाक" बयान दिया जाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विकृत मानसिकता को दर्शाता है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मंत्री की बर्खास्तगी सुनिश्चित क्यों नहीं की? भाजपा नेता और मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को कथित तौर पर 'आतंकवादियों की बहन' करार दिया था। विजय शाह की इस टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद



जब आलोचना होने लगी, तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि इसे अलग संदर्भ में ना देखा जाए, क्योंकि 'हमारी बहनों' ने बहुत ताकत से सेना के साथ मिलकर पहलगाम हमले का बदला लिया है। कर्नल सोफिया कुरैशी पहलगाम में 22 अप्रैल को किए गए आतंकी हमले के जवाब में भारत सरकार द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर देश के पक्ष को मीडिया के माध्यम से दुनिया के सामने रखने वाली टीम का हिस्सा रहीं। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के उस मंत्री को अभी तक बर्खास्त क्यों नहीं किया, जिसने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ बेहद शर्मनाक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बयान दिया?" उन्होंने कहा कि केवल राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा इन टिप्पणियों की निंदा कर देना पर्याप्त नहीं है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि इस मंत्री का बयान भाजपा की विकृत मानसिकता को दर्शाता है।

## रतलाम, छिंदवाड़ा, बैतूल, मंदसौर में सड़कों पर उतरी कांग्रेस

### मप्र के मंत्री को पद से हटाया जाए : पायलट

**जयपुर (भाषा)।** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह की "अपमानजनक" टिप्पणी की निंदा की है। पायलट ने बुधवार को यहां कहा कि सैन्य अधिकारी के प्रति इस तरह का अनादर पूरी तरह से अस्वीकार्य है। शाह को मंत्रिमंडल से हटाया जाए।



### इंदौर में बवाल, नारेबाजी कर प्रदर्शन किया

**इंदौर (भाषा)।** भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में कथित रूप से अशोभनीय बयान पर आक्रोश जताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को इंदौर में मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री विजय शाह का पुतला फूंका। कांग्रेस के महिला मोर्चे की अगुवाई में शहर के रीगल चौराहे पर किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्य के जनजातीय कार्य मंत्री शाह के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में काबीना मंत्री का पुतला फूंका। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक बैनर भी थाम रखा था जिसमें कर्नल सोफिया कुरैशी को "भारत की शेरनी" बताया गया था।



### मायावती ने टिप्पणी को दुखद और शर्मनाक बताया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में की गई मध्यप्रदेश सरकार के एक मंत्री की "अपमानजनक" टिप्पणी को बुधवार को "अति-दुखद व शर्मनाक" बताया। मायावती ने कहा कि महिला अफसर के प्रति घृणित, असभ्य एवं अमर्यादित टिप्पणी" जोश के इस माहौल को वास्तव में खराब करने वाली है।



### कांग्रेस ने पीएम मोदी को घेरा

## 25 को केवल एनडीए सीएम की बैठक क्यों, ऑपरेशन सिंदूर पर राजनीति क्यों?



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष कई यक्ष प्रश्न खडा करने की कोशिश की है। बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सभी के साथ मिल बैठकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा की तिरंगा यात्रा को पूरी तरह राजनीतिक ठहराया। ऐसी राजनीति का राजनीतिक जवाब क्या होना चाहिए, इस पर मंथन हुआ। तय किया गया कि आक्रामक शैली में प्रधानमंत्री पूछा जाए कि आखिर आगामी 25 को केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुख्यमंत्रियों की बैठक क्यों उन्होंने आहूत की है। क्यों नहीं देश के सभी मुख्यमंत्रियों को उन्होंने बैठक में आमंत्रित किया चाहे वे किसी भी दल के हों? कांग्रेस पार्टी ने एक सुर से ऑपरेशन सिंदूर पर कथित रूप से सियासी मुलम्मा चढाये जाने का जमकर विरोध किया। जयराम रमेश ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री से पूछा कि पहलगाम हमले की स्वतंत्र जांच जरूरी है। क्या जांच होगी?

### करगिल समीक्षा समिति बनाई थी

उन्होंने कहा, करगिल युद्ध के बाद वाजपेयी सरकार ने तीन दिन में करगिल समीक्षा समिति बनाई थी। क्या मोदी सरकार पहलगाम हमले के लिए स्वतंत्र आकलन कराएगी? उन्होंने सरकार से खुफिया विफलताओं और जवाबदेही पर स्पष्ट जवाब मांगा। रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के उस दावे की कड़ी आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत ने उनके कहने पर टैरिफ कम किया। रमेश ने इसे भारत की संप्रभुता पर सवाल उठाने वाला बताया और कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति कमजोर हो रही है। मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेडा ने ट्रंप के मध्यस्थता दावों को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री की कूटनीतिक असफलता का नतीजा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जमीन से लेकर आसमान से ये दावे कर रहे हैं कि भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम उन्होंने व्यापारिक वादा कर करायी है। पवन खेडा ने कहा कि व्यापार क्या देश के सम्मान से बड़ा है।

### पाक ने सीजफायर के लिए गुहार लगाई

भारत ने स्पष्ट किया है कि सीजफायर को लेकर अमेरिका से व्यापार पर कोई चर्चा नहीं हुई है। भारत की ओर से सीजफायर की पुष्टि करते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यह जानकारी दी थी कि पाकिस्तान ने इस सीजफायर के लिए भारत से गुहार लगाई थी। भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर पर हुई बातचीत के बाद ही इस पर सहमति बनी।

## बच्चे, बूढ़े और जवान हाथों में तिरंगा फहराते 'भारत माता की जय', वंदे मारतम के नारे लगाते बढ़े तो उमड़ पड़ा जनसैलाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी और सेना के शौर्य को सैल्यूट करने के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने 'शौर्य तिरंगा यात्रा' की शुरुआत की है। उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों की राजधानी में आयोजित की गई इस तिरंगा यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। बच्चे, बूढ़े और जवान हाथों में तिरंगा फहराते हुए 'भारत माता की जय', वंदे मारतम के नारे लगाते हुए जब आगे बढ़े तो हर राहगीर रुककर तिरंगे को सैल्यूट करता नजर आया।तिरंगा यात्रा की शुरुआत भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, ओडिशा, गोवा समेत अन्य राज्यों की राजधानी से हुई। इन सभी राज्यों के मुख्यमंत्री हाथ में तिरंगा फहराते हुए सड़कों पर निकले और इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सशस्त्र बलों की बहादुरी को शेल्यूट करने के लिए भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, गुजरात, ओडिशा समेत अन्य राज्यों में ये तिरंगा यात्रा निकाली गई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ, हरियाणा की राजधानी पंचकुला में सीएम नवाब सिंह सैनी, दिल्ली में सीएम रेखा गुप्ता, उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में सीएम पुष्कर धामी, गुजरात में सीएम भूपेंद्र पटेल, गोवा में सीएम प्रमोद सावंत और ओडिशा के भुवनेश्वर में सीएम मोहन चरण माझी ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया।



### कोई भारत को छेड़ेगा तो उसे हम छोड़ेंगे नहीं : योगी

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सीएम आवास पर मुख्यमंत्री योगी ने हाथ में तिरंगा फहराते हुए तिरंगा यात्रा का प्रतिनिधित्व किया। तिरंगा यात्रा के अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा आने वाले समय में यह तय है कि जो भी भारत की ओर उंगली उठाएगा और बहन-बेटियों की इज्जत के खिलाफ सुरक्षा तोड़ने का काम करेगा, उसके अंतिम संस्कार में रोने वाला कोई नहीं होगा। कोई भारत को छेड़ेगा तो उसे हम छोड़ेंगे नहीं। इसके अलावा राज्य को दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण और सांसद व विधा यक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### 21 दिन, 21 मुठभेड़ और मार गिराए 31 नक्सली

**जगदलपुर।** नक्सलियों के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े 21 दिन चले एंटी नक्सल ऑपरेशन में जवानों ने 1.72 करोड़ के 31 नक्सलियों को मार गिराया गया। इस दौरान सुरक्षाबलों के जवानों ने 450 आईईडी निष्क्रिय करते हुए केजीएच हिल्स पहुंचे तथा 4 हथियार फैक्ट्री व 250 गुफा को ध्वस्त कर दिया। जवानों ने मारे गए नक्सलियों के शवों के अलावा सैकड़ों की संख्या में हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामान बरामद किए। प्रेसवार्ता में डीजीपी सीआरपीएफ अभय प्रताप, छग डीजीपी अरूण देव गौतम व अन्य अधिकारियों ने पूरे ऑपरेशन की जानकारी दी। डीजीपी ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर ज्वाइंट एक्शन प्लान के अंतर्गत माओवाद विरोधी अभियान का संचालन किया। इस एक्शन प्लान के क्रियान्वयन के फलस्वरूप सुरक्षा बलों ने माओवादियों के आर्म्ड काडर्स एवं इको सिस्टम को भारी क्षति पहुंचाई है।

## बिहार में 30 को जनसभा को संबोधित करेंगे मोदी, रोहतास में कर सकते हैं बड़ी घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- पाकिस्तानी धरती पर बैठे आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहला बिहार दौरा

जदयू सुप्रीमो और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबियत नासाज रहने और 'सेकंड लाइन इन कमांड' केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और राज्यसभा में जदयू संसदीय दल के नेता संजय झा की भाजपा के साथ बेहतर 'ट्विनिंग' होने की वजह से बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा के लिए 'खुला खेल फर्रूखाबादी' है।

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इसबार बिहार में हर कीमत पर अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहेगा। भाजपा, जदयू, लोजपा, हम, रालोसपा की मिलीजुली सरकार बनी तो निश्चित रूप से भाजपा बिहारी सत्ता की ड्राइविंग सीट पर होगी। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'माछ मखान' की धरती मैथिल मधुबनी के बाद इस बार धुर भोजपुरी रोहतास जिले के विक्रमगंज को चुना है। आगामी 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के दौरे पर जाएंगे। यह दौरा पाकिस्तानी धरती पर बैठे आतंकी ठिकानों के खिलाफ किये गये सैन्य ऑपरेशन 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उनका पहला बिहार दौरा होगा। इस दौरान वह रोहतास जिले के बिक्रमगंज में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। पीएम मोदी की यह यात्रा बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### मोतिहारी में रेल पुलिस का फर्जीवाड़ा

## 24 किलो चरस कोर्ट में बन गया ईंट और पत्थर, मजिस्ट्रेट भी हो गए दंग

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी

यहां रेल पुलिस के कारनामा देखकर सब कोई हक्काबक्का है। बीते दिनों 24 किलो चरस को लावारिश स्थिति में पकड़ा गया और उसको मजिस्ट्रेट के सील किया गया लेकिन जब कोर्ट में पेशी हुई तो चरस ईंट बन गया। यह देख कोर्ट मजिस्ट्रेट भी भौचक हो गए। घटना मोतिहारी के सुगौली रेल थाना की है। यहां बीते पांच मार्च को आरपीएफ और सुगौली रेल थाना की पुलिस ने संयुक्त करवाई में सुगौली स्टेशन से तीन लावारिश बैग को बरामद किया था। तलाशी के दौरान उसमें से लगभग 24 किलो चरस बरामद हुआ।

### ईंट पत्थर मिलने से मचा हड़कंप

आरपीएफ प्रभारी राजीव रंजन प्रताप सिंह के आवेदन पर कांड संख्या 5/24 में प्राथमिकी दर्ज की गई। कांड दर्ज करने के दो महीने के बाद जब कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने पॉकेट को खोला गया तो उसमें से ईंट-पत्थर निकलने लगे। चरस की जगह ईंट निकलने की खबर से कोर्ट परिसर से लेकर रेल पुलिस के महकमे तक हड़कंप मच गया। इस संबंध में सुगौली के सीओ कुंदन कुमार ने बताया कि मेरे सामने वजन करके चरस को सील किया गया था। बाद में क्या हुआ इसकी जानकारी मुझे नहीं है? इधर, मामला तूल पकड़ा तो रेल एसपी वीना कुमारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच का आदेश दिया है।



### सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा मामले में दी व्यवस्था

घर पर नकदी मिलने के मामले में सुनवाई

## प्राथमिकी दर्ज करने की अर्जी पर तत्काल सुनवाई से न्यायालय ने कर दिया इनकार

### अदालत ने उल्लेख करने की प्रक्रिया का पालन करने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ नकदी बरामदगी मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से बुधवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वकील और याचिकाकर्ता मैथ्यूज नेदुम्परा से उल्लेख करने की प्रक्रिया का पालन करने को कहा।



### आंतरिक जांच के बाद कार्रवाई की

नेदुम्परा और 3 अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका में तत्काल आपराधिक कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई थी, जिसमें कहा गया था कि आंतरिक समिति ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया है।

**मार्च में खारिज कर दिया था आवेदनः** मार्च में इन्हीं याचिकाकर्ताओं ने आंतरिक जांच को चुनौती देते हुए और औपचारिक पुलिस जांच की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने लंबित प्रकृति का हवाला देकर अर्जी को अपरिपक्व मान खारिज कर दिया था।

### पूर्व सीजेआई ने रजिस्ट्री में जाने को कहा था

पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामलों को तत्काल सूचीबद्ध करने और सुनवाई के लिए मौखिक उल्लेख से इनकार कर दिया था और कहा था कि वकीलों या वादियों को पहले ईमेल लिखना होगा और सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री में जाना होगा। न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने को कहा था।

## खबर संक्षेप

### श्रीनगर से जल्द रवाना होगा हज यात्रियों का जत्था



**श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद हज यात्रियों का दूसरा जत्था जल्द ही सऊदी अरब के लिए श्रीनगर से रवाना होगा। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हज यात्रा को लेकर कैंप लगाए गए हैं, जहां सऊदी अरब जाने वाले लोग हज यात्रा की प्रक्रिया को पूरा कर रहे हैं। श्रीनगर से हज यात्रियों का पहला जत्था 4 मई 2025 को रवाना हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर की वजह से 7 मई और 12 मई को रवाना होने वाले हज यात्रियों की 7 उड़ानें रद्द कर दी गई थीं।

### लुंगी पहन व्हीलचेयर पर थाईलैंड भागे पूर्व राष्ट्रपति



**ढाका।** बांग्लादेश में राजनीतिक घमासान के बीच पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल हामिद सुबह 3 बजे थाईलैंड के लिए रवाना हुए और देश छोड़कर चले गए। वो ढाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से थाई एयरवेज की फ्लाइट पर सवार हुए। वो लुंगी में व्हीलचेयर पर बैठे नजर आए। जब अंतरिम सरकार की नींद खुली और उसे पता चला कि क्या हुआ है तो उसने अधिकारियों को सस्पेंड और ट्रांसफर कर दिया और एक उच्च स्तरीय जांच का गठन किया। पूर्व राष्ट्रपति की प्रदर्शनकारियों के खिलाफ उठाए गए कदमों की जांच की जा रही थी।

### अरुणाचल में जगहों के नाम बदलने पर भारत का चीन को करारा जवाब

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान के साथ जारी तनाव अभी पूरी तरह से खत्म भी नहीं हुआ है कि अब भारत के एक और पड़ोसी देश चीन ने अपनी कुटिल चाल चल दी है। जिसमें उसने एक बार फिर से अरुणाचल प्रदेश के कुल करीब 27 स्थानों का नाम बदल दिया है। भारत ने बुधवार को इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए चीन के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि हमने देखा है कि चीन भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम रखने की अपनी व्यर्थ की कोशिशों को जारी रखे हुए है।

देश के दुश्मनों को देगा त्रास

# परशुराम का अस्त्र, भारतीय वैज्ञानिकों का दिमाग और बन गया भार्गवास्त्र स्वदेशी ड्रोन रोधी प्रणाली का सफल परीक्षण, लक्ष्य को सटीकता से भेदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान परशुराम के अस्त्र से प्रेरणा लेकर भारत के वैज्ञानिकों ने भार्गवास्त्र नामक एक नए कम लागत वाले काउंटर-ड्रोन मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह कम लागत वाली 'हार्ड किल मोड' में काम करने वाली प्रणाली है, जिसे सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) ने डिजाइन और विकसित किया है।

इसका उद्देश्य ड्रोन झुंडों से उत्पन्न बढ़ते खतरे को कुशलता से समाप्त करना है। 13 मई को ओडिशा के गोपालपुर स्थित सीवर्ड फायरिंग रेंज में इसका परीक्षण किया गया, जिसमें भारतीय थल सेना की वायु रक्षा (एडी) शाखा के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

*भार्गवस्त्र में एक अत्याधुनिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर भी है, जो सी4आई (कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशन, कंप्यूटर और इंटेलिजेंस) तकनीक से लैस है। इसका रडार 6 से 10 किलोमीटर दूर तक के सूक्ष्म हवाई खतरों को पहचान सकता है और ईओ/आईआर सेंसर के माध्यम से कम रडार क्रॉस-सेक्शन (एलआरसीएस) वाले लक्ष्यों को सटीकता से ट्रैक किया जा सकता है।*



5000 मीटर से अधिक ऊंचाई पर आसानी से तैनात किया जा सकेगा

यह 2.5 किमी तक की दूरी पर ड्रोनों का पता लगाकर करेगा नष्ट

#### 'मेक इन इंडिया' की बड़ी उपलब्धि

एसडीएएल के अनुसार भार्गवस्त्र वैश्विक स्तर पर एक उल्लेखनीय नवाचार है। इसकी ओपन-सोर्स आर्किटेक्चर इसे अद्वितीय बनाती है क्योंकि दुनिया के कई विकसित देश इस प्रकार की माइक्रो-मिसाइल तकनीक पर काम कर रहे हैं, लेकिन अब तक ऐसा कोई भी बहु-स्तरीय और लागत-प्रभावी प्रणाली, जो ड्रोन झुंड को नष्ट कर सके, तैनात नहीं की गई है। यह 'मेक इन इंडिया' मिशन के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है और भारत की वायु रक्षा क्षमताओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### जैमिंग और स्पूफिंग करने की भी क्षमता


यह प्रणाली मॉड्यूलर है, यानी इसमें अतिरिक्त सॉफ्ट किल तकनीक जैसे जैमिंग और स्पूफिंग को भी जोड़ा जा सकता है। इसका रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल (ईओ) और आरएफ रिसीवर सेंसर उपयोगकर्ता की जरूरत के अनुसार कॉन्फिगर किए जा सकते हैं। यह प्रणाली मौजूदा नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर ढांचे में भी आसानी से एकीकृत की जा सकती है। इसमें एक अत्याधुनिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर भी है, जो सी4आई (कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशन, कंप्यूटर और इंटेलिजेंस) तकनीक से लैस है।

#### दो परतों वाली सुरक्षा प्रणाली

तीन परीक्षणों के दौरान कुल चार माइक्रो रॉकेट दागे गए- पहले दो परीक्षणों में एक-एक रॉकेट और तीसरे में दो रॉकेटों को मात्र दो सेकंड में सल्वो मोड में दागा गया। सभी रॉकेटों ने अपने लक्ष्य हासिल किए और अपेक्षित प्रदर्शन किया। भार्गवस्त्र में दो परतों वाली सुरक्षा प्रणाली है, पहले में अनगाइडेड माइक्रो रॉकेट होते हैं जो 20 मीटर के घातक दायरे में झुंड रूपी ड्रोन को समाप्त कर सकते हैं और दूसरे में पहले से परीक्षण किए गए गाइडेड माइक्रो-मिसाइल हैं जो सटीक हमले में सक्षम हैं।

राष्ट्रपति से मिले तीनों सेनाध्यक्ष और सीडीएस

## मुर्मू ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को गौरवपूर्ण उपलब्धि बतलाया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) व तीनों सेनाध्यक्ष बुधवार को राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां सीडीएस और तीनों सेनाध्यक्षों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़ी जानकारी साझा की गई। राष्ट्रपति तीनों सेनाओं आर्मी, नेवी और एयरफोर्स की सुप्रीम कमांडर हैं इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया को सफल बनाने में सशस्त्र बलों के साहस और समर्पण की सराहना की। राष्ट्रपति मुर्मु ने सैन्य बलों के इस अभियान को एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी व नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को ऑपरेशन सिंदूर के अनुभव बताए व इससे विस्तृत जुड़ी जानकारी दी।

#### पाक सेना को हुआ भारी नुकसान

पाकिस्तान आतंकवादियों के समर्थन में खड़ा हुआ और पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सैन्य और नागरिक ठिकानों को टारगेट करने की कोशिश की। हालांकि भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के सभी हमलों को विफल कर दिया। इतना ही नहीं भारतीय सेना के जवाबी हमले में पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान उठाना पड़ा, उसकी एयर डिफेंस प्रणाली को भारतीय सेनाओं ने ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तानी सेना अपने कई एयरबेस की भी रक्षा नहीं कर सकी।

#### 100 से अधिक आतंकी मारे

22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या की थी। इसके बाद भारतीय सेनाओं ने आतंकवादियों के खात्मे के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान और पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए गए। सेना के मुताबिक इन हमलों में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। सेना द्वारा किए गए इस ऑपरेशन की जानकारी राष्ट्रपति को दी गई है। भारतीय सेना ने केवल आतंकवादियों और आतंकवादी ठिकानों को अपना निशाना बनाया था।

सुप्रीम कोर्ट का केंद्र से सवाल, पदों को लैंगिक रूप से तटस्थ क्यों बताया?

# यदि महिलाएं राफेल उड़ा सकती हैं तो सेना की कानूनी शाखा में उनकी संख्या सीमित क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सेना की 'जज एडवोकेट जनरल' (जेएजी-विधि) शाखा में 50-50 चयन मानदंड पर सवाल उठाते हुए केंद्र से पूछा कि यदि भारतीय वायुसेना में कोई महिला राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती है तो सेना की जेएजी शाखा के पदों पर कम महिला अधिकारी क्यों हैं? न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने आठ मई को दो अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ताओं ने अपने कई समकक्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया था लेकिन महिलाओं के लिए कम रिक्तियां निर्धारित होने के कारण जेएजी विभाग के लिए उनका चयन नहीं किया गया।

अधिकारियों ने पुरुषों और महिलाओं के लिए 'असंगत' रिक्तियों को चुनौती देते हुए कहा था कि उनका चयन नहीं किया जा सका क्योंकि कुल छह पदों में से महिलाओं के लिए केवल तीन रिक्तियां थीं। शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि पदों को लैंगिक रूप से तटस्थ क्यों बताया गया है जबकि रिक्तियां लैंगिकता के आधार पर विभाजित होने के कारण उच्च योग्यता वाली महिला उम्मीदवारों को शामिल नहीं किया जा सका।

शीर्ष अदालत ने निर्देश दिए कि 'जज एडवोकेट जनरल' (जेएजी) के रूप में नियुक्ति के लिए अगले उपलब्ध प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उन्हें शामिल करने के उद्देश्य से जो भी कार्रवाई आवश्यक है, उसे शुरू किया जाए।

पुरुषों व महिलाओं के लिए रिक्तियों को चुनौती दी

उच्च योग्यता वाली महिला उम्मीदवारों को शामिल नहीं किया था

#### पीठ ने दिए नियुक्ति के निर्देश

पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि हम याचिकाकर्ता अर्शनूर कौर द्वारा प्रस्तुत मामले से प्रथम दृष्टया संतुष्ट हैं। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिए कि 'जज एडवोकेट जनरल' (जेएजी) के रूप में नियुक्ति के लिए अगले उपलब्ध प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में उन्हें शामिल करने के उद्देश्य से जो भी कार्रवाई आवश्यक है, उसे शुरू किया जाए। केंद्र और सेना की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि 2012 से 2023 तक 70:30 (या अब 50:50) के अनुपात में पुरुष और महिला अधिकारियों की भर्ती की नीति को भेदभावपूर्ण एवं मौलिक अधिकारों का हनन कहना गलत होगा।

### पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ सुनिश्चित करें



सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पैदल यात्रियों के वास्ते उचित फुटपाथ सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश दिया और इसे उनका संवैधानिक अधिकार बताया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि फुटपाथ के अभाव में पैदल यात्रियों को सड़कों पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उनके साथ दुर्घटना होने की आशंका होती है। नागरिकों के लिए उचित फुटपाथ का होना आवश्यक है। ये ऐसे होने चाहिए कि जो दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हों और इन पर से अतिक्रमण हटाना अनिवार्य है। पैदल यात्रियों को फुटपाथ का इस्तेमाल करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीशुदा है। बिना अवरोध वाले फुटपाथ का अधिकार निश्चित रूप से एक आवश्यक विशेषता है।

#### नौकरी छोड़ने वाली महिला गुजारा भत्ता पाने की हकदार

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि एक महिला का अपने बच्चे की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ना 'स्वैच्छिक परित्याग' नहीं होता है, इसलिए वह गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने 13 मई को जारी एक आदेश में कहा कि इस स्थिति को बच्चे की देखभाल करने के परम कर्तव्य के परिणाम के तौर पर देखा जा सकता है। इसके साथ ही अदालत ने एक महिला और उसके नाबालिग बेटे को अंतरिम भरण-पोषण देने संबंधी निचली अदालत के आदेश को खारिज करने से मना कर दिया।

#### सुप्रीम कोर्ट ने भूमि विवाद मामले में अपना आदेश वापस लिया

उच्चतम न्यायालय ने उस भूमि विवाद मामले में अपना आदेश वापस ले लिया है, जिसमें यह बात सामने आई है कि अनुकूल फैसला एक फर्जी समझौते और एक 'छद्म' प्रतिवादी के माध्यम से हासिल किया गया था। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री को इस मामले में जांच करने और तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है।

## भारत-पाक तनाव के बीच संसदीय स्थायी समिति को जानकारी देंगे विदेश सचिव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री अगले सप्ताह सोमवार (19 मई) को विदेश मंत्रालय की संसद की स्थायी समिति को जानकारी देंगे। लोकसभा सचिवालय की तरफ से समिति में शामिल सभी 31 सांसदों (लोकसभा-राज्यसभा को मिलाकर) को इसके बारे में सूचित किया गया है। मामले पर समिति की यह बैठक संसद भवन एनेक्सी में होगी। पिछले महीने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में हुई 26 नागरिकों की दर्दनाक मौत के बाद भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारत-पाकिस्तान की एक-दूसरे के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई की पृष्ठभूमि में यह महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। जिसमें विदेश सचिव पहली बार संसदीय समिति से प्रत्यक्ष रूप से रूबरू होंगे। यहां बता दें कि दोनों देशों के बीच बीते 10 मई को संघर्षविराम के साथ एलओसी-आईबी से लेकर बाकी सीमाई राज्यों में गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर सहमति बनी है। फिलहाल बीते करीब तीन दिनों से सीमाओं पर दोनों ओर शांति कायम है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम दिए अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि अब अगर उसके पाले हुए आतंकियों ने हमारी धरती पर आतंक का अपना नापाक खूनी खेल खेलने की कोशिश की तो उसे भारत के खिलाफ युद्ध माना जाएगा।

**अगले सप्ताह 19 मई को संसद भवन एनेक्सी में होगी बैठक**

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक, सुरक्षा हालात की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को राजधानी में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह शामिल हुए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीते 10 मई को भारत-पाक के सैन्य संचालन महानिदेशकों की बातचीत के बाद हुए संघर्षविराम के साथ सीमाओं पर फिलहाल थमी हुई गोलीबारी व सैन्य कार्रवाई के हालातों के बीच सीसीएस की यह पहली बैठक थी। जिसमें प्रधानमंत्री ने देश की सुरक्षा से जुड़े दो अहम केंद्रीय मंत्रालयों के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य और भारत की रणनीतिक तैयारियों के बारे में विस्तार से समीक्षा की।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेनाप्रमुख गुरुवार को करेंगे जम्मू कश्मीर का दौरा**

#### आज जम्मू-कश्मीर जाएंगे राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। जिसमें उनके साथ सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री, सेनाप्रमुख की केंद्रशासित प्रदेश की यह एक दिवसीय यात्रा होगी। जिसमें वह नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रहने वाले लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य कार्रवाई को रोकने के तुरंत बाद रक्षा मंत्री और सेनाप्रमुख की जम्मू-कश्मीर की यह पहली संयुक्त यात्रा होगी। सूत्र हालांकि ये भी बता रहे हैं कि रक्षा मंत्री और जनरल द्विवेदी कश्मीर में नियंत्रण रेखा के साथ ही जम्मू के कुछ इलाकों का दौरा कर वहां बने हुए जमीनी सुरक्षा हालात का जायजा ले सकते हैं। मालूम हो कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई में तोपों के जरिए की गई भारी गोलीबारी की चपेट में भारत के एलओसी और आईबी से लगे हुए इलाकों में रहने वाले लोग भी आए हैं। कई निर्दोष लोगों की मौत भी हुई है।

## चीन को भारत की दो टूक, फर्जी प्रयास, करतूतों से बाज आ जाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश के इलाकों के नामकरण के चीनी दुस्साहस पर भारत ने सख्त रुख अपनाया है। उसने चीन को फटकार लगाते हुए दो टूक शब्दों में कहा है कि उसे ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए। ऐसी करतूतों से सच्चाई नहीं बदलने वाली।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने देखा है कि चीन भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में कुछ स्थानों के नामकरण के अपने फर्जी और बेतुके प्रयासों में लगा हुआ है।

#### अरुणाचल में नामकरण का दुस्साहस



**वास्तविकता नहीं बदलेगी**

अपने सैद्धांतिक रुख को ध्यान में रखते हुए हम इस तरह के प्रयासों को साफ तौर पर खारिज करते हैं। जबरन नाम बदलने से इस निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदलेगा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।

#### अरुणाचल भारत का था, है और रहेगा

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा था कि अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या यह मेरा हो जाएगा? अरुणाचल प्रदेश भारत का एक राज्य था, है और हमेशा रहेगा। नाम बदलने से कोई प्रभाव नहीं पड़ता। मुझे लगता है कि हमने इसे सही ढंग से ऐसे हथकंडों को निरर्थक करार दिया है।

#### 33 मिनट तक हुई बातचीत, सीरिया पर वर्षों पुराना प्रतिबंध भी हटाया

रियाद (एजेंसी)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को सीरिया के नए राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से सऊदी अरब में मुलाकात की। डोनाल्ड ट्रंप और सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के बीच बैठक लगभग 33 मिनट तक चली, जिसमें सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भी मौजूद रहे।

## कनाडा और पाकिस्तान में हिंदू बेटियों ने रचा इतिहास

अनिता भारत और अमेरिका के साथ संबंधों को फिर से मजबूत करेंगी

# अनिता आनंद विदेश मंत्री और बलूचिस्तान प्रांत में कशिश चौधरी पहली महिला असिस्टेंट कमिश्नर बनीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री नियुक्त किया है। आनंद की विशेष जिम्मेदारी भारत के साथ संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाने की होगी। नवनियुक्त विदेश मंत्री अनीता आनंद पहले परिवहन और रक्षा मंत्रालय संभाल चुकी हैं। पीएम कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री पद पर नियुक्त करते हुए कहा कि उनका मिशन भारत के साथ लगभग टूट चुके संबंधों को फिर से स्थापित करना होगा।







#### भारतीय मूल के तीन और लोगों को दिए पद

*कनाडा के पीएम ने मनिंदर सिद्धू को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री और भारतीय मूल के दो अन्य लोगों को राज्य सचिव नियुक्त किया है। यह पद राज्य मंत्री के समकक्ष माना जाता है। रूबी सहोता, जो पहले लोकतांत्रिक संस्थाओं की मंत्री थीं, उन्हें राज्य सचिव बनाया गया है और अपराध से निपटने का प्रभार दिया गया है।*

**बीपीएससी की परीक्षा पास की**

*बलूचिस्तान के चगाई जिले के नोशकी शहर की रहने वाली कशिश चौधरी ने महज 25 साल की उम्र में इतिहास रच दिया है। पाकिस्तान के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाली वह बलूचिस्तान प्रांत की पहली महिला बनी हैं, जिन्हें असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बलूचिस्तान पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) की परीक्षा पास की है।*

#### कशिश गर्व का प्रतीकः सीएम

*कशिश चौधरी और उनके पिता ने क्वेटा में बलूचिस्तान के सीएम सरफराज बुगती से मुलाकात की। सीएम बुगती ने कहा कि यह देश और बलूचिस्तान के लिए गर्व की बात है कि हमारे अल्पसंख्यक समुदाय की बेटियां इतनी मेहनत कर अहम पदों तक पहुंच रही हैं। कशिश हमारे लिए गर्व का प्रतीक हैं। कशिश ने कहा कि वह महिलाओं और अल्पसंख्यकों के सशक्तिकरण के साथ-साथ प्रांत के समग्र विकास के लिए काम करेंगी।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25